संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक-313 शनिवार,16 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## शहीद की पत्नी ने पति को दी अंतिम विदाई

» हाथ जोड़ बदहवास खड़ी रहीं जगमीत कौर

» 7 साल का मासूम आखिरी बार बोला-पापा जय हिंद

» शहीद कर्नल मनप्रीत की पत्नी जगमीत शहीद के ताबूत पर सिर रखे रोती रही





**चंडीगढ़, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद कर्नल मनप्रीत सिंह को विदाई दी गई। आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए न्यू चंडीगढ़ के कर्नल मनप्रीत सिंह का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भड़ौजियां में हुआ। उनके 7 वर्षीय पुत्र ने शहीद पिता को मुखाग्नि देने से पहले बुलंद आवाज़ में कहा-पापा, जय हिंद। दूसरी तरफ शहीद के ताबूत पर सर रख कर पत्नी रोती रही।अनंतनाग में बुधवार 13 सितंबर को आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए न्यू चंडीगढ़ के कर्नल मनप्रीत के 7 साल के बेटे कबीर ने शहीद पिता को मुखाग्नि दी। वह सैनिक की वर्दी पहने था। आखिरी बार अपने पिता से उसने बस इतना ही कहा- पापा जय हिंद। पंजाब के गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित शहीद कर्नल मनप्रीत को श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

चंडीगढ़ से जब शहीद की पार्थिव देह भड़ौजियां लायी गई तो उनके घर के बाहर लोगों की भीड़ लग गई। कर्नल मनप्रीत की पत्नी उनके ताबूत पर सिर रखे रोती रहीं। अंतिम यात्रा को घर से 200 मीटर की दूरी तय करने में 20 मिनट लगे। कर्नल की अंतिम यात्रा जिस रास्ते से गांव पहुंचनी थी, उसे गांव वालों ने खुद साफ किया। पार्थिव देह घर पहुंचने पर लोगों ने फूल बरसाए।

### कर्नल मनप्रीत सिंह ने आतंकी बुरहान वानी को मारा था

साल 2003 में सीडीएस पास करने के बाद मनप्रीत सिंह ने भारतीय सेना ज्वाइन की थी। साल 2005 में लेफ्टिनेंट बने थे। साल 2019 से 2021 तक सेना में सेकंड इन कमांड के पद पर थे। बाद में कमांडिंग अफसर बने। मनप्रीत पिछले चार साल से अनंतनाग में पोस्टेड थे और बतौर कमांडर 19 राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट की कमान संभाल रहे थे। 2016 में आतंकी कमांडर बुरहान वानी को मार गिराया था।



## निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट गिरी,4 लोगों की मौत

**नोएडा, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर शुक्रवार सुबह एक लिफ्ट टूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे के वक्त लिफ्ट के अंदर मौजूद चार मजदूरों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट टूटकर नीचे आ गिरी। इसके चलते लिफ्ट के अंदर मौजूद चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल हालत में उन्हें इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चारों की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## इसरो को मिली बड़ी सफलता

» आदित्य-एल 1 ने चौथी बार बदली कक्षा,अब 19 सितंबर को बढ़ाई जाएगी ऑर्बिट

**चेन्नई, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार सुबह सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल1 मिशन का पृथ्वी-संबंधित चौथी प्रक्रिया (मैन्यूवर) सफलतापूर्वक पूरी की। आज सुबह दो बजे इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी), बेंगलुरु में कक्षा बढ़ाने का काम किया गया।




इसरो ने सोशल मीडिया नेटवर्क -एक्स' पोस्ट किया, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल1, ने गुरुवार/शुक्रवार के शुरुआती घंटों में अपना चौथा पृथ्वी-संबंधित मैन्यूवर सफलतापूर्वक पूरी कर लिया। इसमें कहा गया, चौथा पृथ्वी-से जुड़ा मैन्यूवर (ईबीएनम4) सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक्स पर लिखा, मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-शार और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न संचालन का समर्थन करेगा। हासिल की गई नई कक्षा 256 किमी × 121973 किमी है। अगला मैन्यूवर, ट्रांस-लैग्रेजियन प्वाइंट 1 इंसर्शन (टीएल1आई), जो पृथ्वी से प्रस्थान का प्रतीक है, 19 सितंबर को लगभग 2 बजे के लिए निर्धारित है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने घोषणा की, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत का पहला अंतरिक्ष-आधारित मिशन, आदित्य एल 1, ने गुरुवार के शुरुआती घंटों में अपना चौथा पृथ्वी-आधारित प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।

## मामन खान की पेशी से पहले जिले में धारा-144 लागू

» इंटरनेट सेवाएं बंद राजस्थान से जुड़ी सीमा सील

» नूंह हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक मामन खान गिरफ्तार




**हरियाणा, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** हरियाणा पुलिस ने देर रात फिरोजपुर के झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत में मामन खान को दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

दरअसल, 31 जुलाई को नूंह में हिंसा और आगजनी की घटना हुई थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। साथ ही कई लोग घायल भी हुए थे। 100 से ज्यादा वाहनों को जला दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने तौफीक नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसने अपने बयान में आरोपी ने मामन खान का नाम लिया है। तौफीक खान कहना है कि मामन खान ने ही भीड़ और हिंसा को भड़काया था।

हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले मामन खान को दो बार पूछताछ के लिए बुलाया था। मगर वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। उन्होंने इस मामले को लेकर पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की। हाई कोर्ट में याचिका दायर करके उन्होंने नूंह हिंसा मामले में एसआईटी के गठन की मांग की थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि एसआईटी टीम का हेड आईजी लेवल का अधिकारी होना चाहिए और उनकी निगरानी में इस पूरे मामले की जांच हो।

### तो इसलिए हुई गिरफ्तारी

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि उनके मोबाइल टावर लोकेशन के मुताबिक, उनकी लोकेशन 29 और 30 जुलाई को हिंसा स्थल से डेढ़ किलोमीटर के रेंज में मिली है।

## फिलहाल जेल में ही रहेंगे पूर्व मुख्यमंत्री नायडू



**विजयवाड़ा, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की दो जमानत याचिकाओं की सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। दरअसल, कौशल विकास निगम घोटाला मामले में कथित भूमिका को लेकर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए चंद्रबाबू नायडू ने स्थानीय अदालत में अंतरिम जमानत याचिका के साथ ही नियमित जमानत याचिका भी दायर की थी। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ था।आज सीआईडी के वकीलों की टीम ने दोनों जमानत याचिकाओं का विरोध किया और मामले में अपनी दलीलें पेश कीं। बता दें कि चंद्रबाबू नायडू राजामहेंद्रवरम केंद्रीय जेल में बंद है।

## उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह के लिए ड्रेस कोड तय



### महिलाओं को साड़ी और पुरुषों को इन कपड़ों में मिलेगी एंट्री...

**उज्जैन, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए ड्रेस कोड तय किया गया है। अब पुरुष को यहां धोती, सोला व महिलाओं को साड़ी पहनकर आने पर ही प्रवेश मिलेगा। यह व्यवस्था जल्दी ही लागू की जाने वाली है।महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की जिलाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में तय किया गया कि उज्जैन वासियों को सप्ताह में एक दिन भस्म आरती में निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए मंगलवार का दिन तय हुआ है। इसमें भक्तों की क्षमता सीमित रखी जाएगी।समिति ने फैसला लिया है कि गर्भगृह में प्रवेश करने वालों को धोती और सोला पहनना होगा। अभी तक आम दिनों में सभी श्रद्धालुओं को सामान्य कपड़ों में प्रवेश दिया जा रहा था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

गर्भगृह खुलने के बाद आम श्रद्धालुओं को भी धोती-सोला पहनने के बाद ही प्रवेश मिलेगा। वहीं, महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य होगा। वर्तमान में आम जनों के लिए गर्भगृह में प्रवेश पर बीते लगभग ढाई माह से रोक लगी हुई है, आने वाले दिनों में समिति की फिर बैठक होगी और गर्भगृह में आमजनों के प्रवेश को शुरु किया जाएगा।

## धार्मिक स्थल से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी और ट्रक में भीषण भिड़ंत

» पांच लोगों की मौत-11 की हालत गंभीर



**तिरुपति, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या और चित्तूर जिलों में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अन्नामय्या जिले के मातमपल्ले गांव के पास एक तूफान व्हीकल और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब कर्नाटक के बेलगावी जिले के भक्तों का एक समूह तिरुमाला मंदिर में दर्शन के बाद घर लौट रहा था।

मृतकों की पहचान शोभा (36), अंबिका (14), ड्राइवर हनुमंत (45), मनंदा (35) और हनुमंत (38) के रूप में हुई। हादसे में 11 अन्य लोग भी घायल हो गये। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, चित्तूर जिले में एक अन्य दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना थावनमपल्ले मंडल में तेलगुंडलापल्ली के पास उस समय हुई जब एक एम्बुलेंस सड़क पर खड़ी एक दूध वैन से टकरा गई। एम्बुलेंस मरीज को लेकर बेंगलुरु से तिरुपति के रिम्स अस्पताल जा रही थी। एम्बुलेंस में मौजूद तीन अन्य लोगों की हादसे में मौत हो गई। मृतक ओडिशा के मूल निवासी था। इस हादसे में मरीज उमेश चंद्र साहू (46) की भी मौत हो गई। अन्य मृतकों की पहचान त्रिलोकचंद नाइक (63), रश्मिता साहू (45) और विजया नाइक (56) के रूप में हुई।

## मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका

» 4 अक्टूबर तक टली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** आज शुक्रवार को दिल्ली के दो मामलों की जांच में सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई चार अक्टूबर के लिए टाल दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले को तब स्थगित कर दिया जब सिसौदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उन्हें मामले पर बहस करने के लिए दो से तीन घंटे का समय चाहिए। सिंघवी ने कहा, हालांकि मैं जेल में हूं।



हम (दोनों पक्ष) सहमत हैं। मेरी तरफ से सुनवाई में कम से कम 2-3 घंटे लगेंगे। इस मामले पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू उनकी बात से सहमत हुए। सिंघवी ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी यह मामला या सत्येन्द्र जैन का मामला सामने आता है तो मामले की गुणवत्ता पर अखबार में लेख छपता है।पीठ ने कहा कि उसने समाचार पत्र नहीं पढ़ा है और कहा, हमें इसकी आदत डालनी होगी। शीर्ष अदालत ने 14 जुलाई को मामलों में सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी से जवाब मांगा था।

## दो गुटों में ताबड़तोड़ फायरिंग



**पटना, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में ताबड़तोड़ गोलीबारी हुई है। इस गोलीबारी में 4 लोगों को गोली लगी है, जिसमें 3 व्यक्तियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। वहीं एक व्यक्ति को घायलावस्था में इलाज के लिए पटना रिफर कर दिया गया है, जिसकी हालात नाजुक है। मामला बिहार के पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार देर रात सुरगा गांव में दूध का बकाया पैसा मांगने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के लोगों ने गोलीबारी शुरू दी। इस घटना में 3 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, वहीं एक अन्य घायल हो गया है।

## एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या से भड़के गांववाले

» जमीनी विवाद में पिता, बेटी और दामाद को उतारा मौत के घाट,

» गुस्साई भीड़ ने फूंक डाला आरोपी का घर



**कौशांबी, 15 सितम्बर 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी में जमीनी विवाद को लेकर एक दलित परिवार के तीन सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इस ट्रिपल मर्डर की घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। यह घटना उस समय हुई जब गुरुवार देर रात वे सभी लोग अपने घर के बाहर सो रहे थे। वहीं इस ट्रिपल मर्डर से गुस्साई भीड़ ने जमकर बवाल किया। कई घरों में तोड़फोड़ और पुलिस की मौजूदगी में कई घरों और दुकानों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिसबल तैनात किया गया है। घटना संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहिदीनपुर गांव की है। पुलिस ने मृतकों की पहचान 62 वर्षीय किसान होरी लाल, उनकी 22 वर्षीय बेटी बृजकली और 26 वर्षीय दामाद शिव सागर के रूप में की है। जिन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है, वह होरीलाल के ही पड़ोसी है।

### जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

पुलिस ने बताया कि होरी लाल और उसके पड़ोसी के बीच पिछले कुछ सालों से जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद चल रहा था। होरी लाल ने विवादित जमीन पर एक घर बनाया था। उसकी बेटी और उसका पति वहीं रहने लगे। सागर विवादित जमीन पर दुकान भी चलाता था।

### आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन की मांग की

प्रयागराज कमिश्नर और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त एक्शन का आश्वासन दिया। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन की मांग की और कहा कि जब तक आरोपियों का घर नहीं गिराया जाएगा तब तक वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए ज्यादा मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## संपादकीय

# करीब आए भारत और सऊदी अरब

सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाएगा।

सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद-बिन-सलमान की भारत यात्रा से यह साफ हुआ है कि आर्थिक संबंध के क्षेत्र में विभिन्न देशों की बदलती प्राथमिकताओं के बीच भारत को अपने देश के लिए वे एक महत्त्वपूर्ण स्थल मान रहे हैं। सऊदी अरब उन देशों में है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बड़े मुनाफे की स्थिति में रहते हैं। जाहिर है, इसका कारण सऊदी अरब की तेल संपदा है। प्रिंस सलमान की खूबी यह है कि हाथ में सत्ता आने के बाद से उन्होंने दूरदर्शी नजरिया अपना रखा है। वे जानते हैं कि जीवाश्म ऊर्जा की बदौलत उनका देश हमेशा समृद्ध नहीं बना रहेगा। इसलिए वे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को तलाश रहे हैं। उनकी भारत यात्रा भी इसी तलाश का हिस्सा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में सलमान कहा कि पांच साल के अंदर पश्चिम एशिया 'अगला यूरोप' हो जाएगा। जाहिर है, इसमें आधुनिक तकनीक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस लिहाज से भारत के तकनीक-कर्मी सऊदी अरब के लिए बड़े फायदे का पहलू हो सकते हैं। इसके अलावा इस समय दुनिया में ट्रेंड अमेरिका के बॉन्ड और ट्रेजरी बिल से पैसा निकालने का है। सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। चीन उसका एक मुकाम है। साथ ही वह दूसरे स्थलों की तलाश में है। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। असल में कितना निवेश आएगा, यह भारत की अपनी परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इन 100 में 50 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा सऊदी अरब ने 2019 में की थी। यह महाराष्ट्र में रिफाइनरी बनाने में होनी है। मगर चार साल से बात सिर्फ इरादो तक है। सऊदी अरब से भारत का सालाना कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 29.28 बिलियन डॉलर का था। इसमें 22.65 डॉलर का भारत ने आयात किया था। यानी सऊदी अरब को भारी मुनाफा है। ऐसे में अगर वह निवेश करता है, तो यह भारत के फायदे में होगा। अब यह भारत पर है कि वह कितना फायदा उठा पाता है।

# जन्म और मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023,1 अक्टूबर 2023 से लागू

» भारत के राजपत्र में अधिसूचना जारी

» सुनिए जी ! अब ज़न्म प्रमाण पत्र को हल्के में नहीं लीजिएगा जी ! यह शासकीय प्रक्रिया में प्रमाणन का अति अनिवार्य सिंगल दस्तावेज़ हो गया है

» भारत में ज़न्म मृत्यु पंजीकरण कराना अनिवार्य बना - जन्म से मृत्यु तक हर शासकीय प्रक्रिया, योजना,रोजगार में ज़न्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता लागू हुई -

वैश्विक स्तर पर दुनियां का हर देश अब जान गया है कि भारत विज़न 2047 के लिए बुलेट ट्रेन की तेजी से काम कर रहा है। अपने पुराने कानूनों में संशोधन, नए-नए कानूनों को बनाना, विवादित नियमों को हटाना और प्रत्येक क्षेत्र का डेटाबेस डिजिटाइजेशन में कन्वर्ट करना भारत की प्राथमिकता बन चुका है। भारत के बढ़ते रुतबे को देखते हुए दुनियां के अनेक देशों के नागरिकों की भारत में बसने की लालसा जाग उठी है, तो वहीं शासकीय योजनाओं लाभार्थियों, हितों, सरकारी सहायता प्राप्त करने, ज़न्म मृत्यु का इलेक्ट्रॉनिक डाटाबेस तैयार करने इत्यादि अनेककारणों से इनसे संबंधित प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने मंत्रिमंडलीय बैठक में में यह विधेयक पारित किया था। फिर उसे मानसून सत्र में लाकर 1 अगस्त 2023 को लोकसभा में और 7 अगस्त 2023 को राज्यसभा में पारित किया, जिसे राष्ट्रपति की स्वीकृति हस्ताक्षर के बाद अब कानून बन गया है, जिसे 13 सितंबर 2023 को भारत के राजपत्र में अधिसूचना जारी कर 1 अक्टूबर 2023 से लागू करने की जानकारी दी गई है जिससे जन्म मृत्यु का पंजीकरण करवाना अनिवार्य और सभी शासकीय कार्यो हितों हेतु प्रक्रिया में इसे अनिवार्य बनाया गया है। बता दें जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 को 54 वर्षों के बाद पहली बार इस अधिनियम में संशोधन हुआ है जिसे रेखांकित करना जरूरी है। चूंकि शासकीय कार्यो लाभों हितों के लिए जन्म प्रमाण पत्र एक सिंगल डॉक्यूमेंट के रूप में उपयोग होगा, इसीलिए इसे हल्के में नहीं लेना समय की मांग है, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सुनिए जी ! अब जन्म प्रमाण पत्र को हल्के में नहीं लीजिएगा जी! शासकीय प्रक्रिया में प्रमाण का अनिवार्य सिंगल दस्तावेज हो गया है।

साथियों बात अगर हम जन्म मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 की करें तो दरअसल 13 सितंबर को गृह मंत्रालय ने एक नोटिस जारी कर बताया कि 1अक्टूबर 2023 से जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 लागू हो रहा है। इस नियम में कहा गया है कि सभी नागरिकों को बर्थ और डेथ के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य हो जाएगा। जन्म प्रमाण पत्र को सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर इस्तेमाल करने की जानकारी कानून के रूप में सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक आगामी 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगा।इस संशोधित कानून के लागू होने से कई महत्वपूर्ण कामों में बर्थ सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट के तौर पर इस्तेमाल होगा। जैसे कि शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता सूची तैयार करने आधार संख्या, विवाह पंजीकरण और सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए एकल दस्तावेज के तौर पर इस्तेमाल होगा।नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं। ये नया नियम 1 अक्टूबर या इसके बाद बनने वाले बर्थ सर्टिफिकेट पर लागू होगा। कानून लागू होने से सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट डिजिटल रूप से भी मिल पाएगा। अभी इसकी हार्ड कॉपी ही मिल पाती है। इसके लिए भी कई-कई दिनों तक दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं।अभी तक आधार को हर जगह पहचान पत्र की तरह यूज किया जाता है। इसे अपने दूसरे डॉक्यूमेंट और अकाउंट से लिंक कराने की जरूरत पड़ती है। उसी तरह ये बर्थ-डेथ सर्टिफिकेट होगा, जो कि बर्थ और डेथ प्रूफ के लिए हर जगह पर सर्वमान्य पहचान पत्र की तरह काम करेगा।

साथियों बात अगर हम इस नए अधिनियम के कारणों और फायदे की करें तो, दरअसल, इस कानून का मुख्य उद्देश्य पंजीकृत जन्म और मृत्यु के लिए एक राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय डेटाबेस स्थापित करना है। कानून जन्म प्रमाण पत्र को किसी व्यक्ति की जन्म तिथि और स्थान के निश्चित प्रमाण के रूप में स्थापित करेगा। यह नियम जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के लागू होने पर या उसके बाद पैदा हुए लोगों पर लागू होगा। यह प्रमाणपत्र स्कूलों में प्रवेश, ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने, मतदाता सूची तैयार करने, विवाह पंजीकरण, सरकारी रोजगार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पासपोर्ट और आधार नंबर जारी करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा यह कानून गोद लिए गए, अनाथ, परित्यक्त और सरोगेट बच्चों के साथ-साथ एकल माता-पिता या अविवाहित माताओं के बच्चों के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाएगा। जन्म और मृत्यु पंजीकरण के नियमों में बदलाव के पीछे मुख्य मकसद यह है कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर जन्म और मृत्यु का डेटाबेस तैयार किया जा सके। इस नियम के लागू होने के बाद राज्य और केंद्र सरकार जन्म और मृत्यु के डेटा को आपस में आसानी से साझा कर पाएंगी। इसके लिए राज्यों के तरफ से चीफ रजिस्ट्रार और रजिस्ट्रार की नियुक्ति की जाएगी. चीफ रजिस्ट्रार राज्यों के स्तर पर डेटा मेंटेन करने का काम करेगा. वहीं ब्लॉक स्तर पर यह काम रजिस्ट्रार का होगा. इससे देश भर में जन्म और मृत्यु का नेशनलडाटाबेस तैयार करने में मदद मिलेगी और राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड जैसे कई डेटा बेस को तैयार करने में आसानी होगी।नया कानून रजिस्टर्ड बर्थ-डेथ का नेशनल और स्टेट लेवल डेटा बेस बनाने में भी मदद करेगा। इससे पब्लिक सर्विसेज बेहतर तरीके से डिलीवर की जा सकेंगीं।

साथियों बात अगर हम इस कानून द्वारा लागू होने पर संविधान में प्राप्त कुछ अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है जो विचारणीय है वह मुद्दे और धाराएं इस प्रकार हैं जन्म प्रमाणपत्र का उपयोग बिल में कुछ उद्देश्यों के लिएव्यक्तियों के जन्म प्रमाणपत्र की आवश्यकता बताई गई है। यह प्रावधान इस बिल के लागू होने के बाद जन्मे व्यक्तियों पर लागू होगा। इन उद्देश्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:- किसी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश, मतदाता सूची तैयार करना, सरकारी पद पर नियुक्ति,विवाह का पंजीकरण, और (1) केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित कोई अन्य उद्देश्य। इनमें से कुछ उद्देश्य संवैधानिक अधिकार हैं जो नागरिकों के पास हैं, और उन्हें जन्म प्रमाणपत्र के साथ सशर्त बनाना, उन अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है।

**(1)स्कूल में प्रवेश:-**
जन्म प्रमाणपत्र के बिना किसी बच्चे को स्कूल में प्रवेश से वंचित करना अनुच्छेद 21ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो सकता है। शिक्षा का अधिकार एक्ट, 2009 के तहत, प्रारंभिक शिक्षा में प्रवेश के लिए, बच्चे की उम्र उसके जन्मप्रमाण पत्र या किसी अन्य दस्तावेज़, जिसे निर्दिष्ट किया जा सकता है, के आधार पर निर्धारित की जाती है। एक्ट में यह प्रावधान भी है कि आयु का प्रमाण न होने पर किसी भी बच्चे को स्कूल में प्रवेश से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। बिल ऐसी कोई छूट प्रदान नहीं करता है। इसका तात्पर्य यह है कि अगर किसी बच्चे का जन्म पंजीकृत नहीं किया गया है, तो उसे जीवन भर शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश से वंचित किया जा सकता है।

**(2)वोट देने का अधिकार: -**
अनुच्छेद 326 गारंटी देता है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार है। इस अधिकार में कटौती की जा सकती है, अगर कोई व्यक्ति कुछ अयोग्यताओं के अधीन है, जैसे वह नॉन-रेसिडेंस है, उसका मस्तिष्क अस्वस्थ है, वह अपराधी, भ्रष्ट है या गैरकानूनी आचरण करता है। जन्म प्रमाणपत्र (आयु प्रमाण के लिए) न होना, उल्लिखित अयोग्यता के अंतर्गत नहीं आता है।(3)जन्म के रिकॉर्ड को आधार से लिंक करना-बिल माता-पिता और जन्म की सूचना देने वाले व्यक्ति (सूचनादाता) के आधार विवरण को बच्चे के जन्म प्रमाणपत्र से जोड़ता है। सूचनादाताओं में निम्न शामिल हैं:- नर्सिंग होम के प्रभारी डॉक्टर, जेल में बच्चे के जन्म की स्थिति में जेलर, होटल, लॉजिंग हाउस, या धर्मशाला का प्रबंधक, अगर ऐसे स्थान पर जन्म हुआ है, और परित्यक्त नवजात शिशु के मामले में संबंधित पुलिस स्टेशन का एसएचओ। इससे दो मुद्दे उठते हैं:-

**(4)प्राइवेसी का अधिकार:-**
2017 में सर्वोच्च न्यायालय ने उचित प्रतिबंधों के अधीन, प्राइवेसी के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी थी। अगर चार शर्तें पूरी होती हैं तो इस अधिकार पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है, प्रतिबंध की अनुमति देने वाला कोई कानून है, प्रतिबंध एक सार्वजनिक उद्देश्य को पूरा करता है, कानून का ऐसे उद्देश्य के साथ तर्कसंगत संबंध है, और कानून आनुपातिक है, याने, यह सार्वजनिक उद्देश्य को प्राप्त करने का सबसे कम दखल देनेवाला तरीकाहै (5)बिल का यह प्रावधान सूचनादाता के प्राइवेसी के अधिकार का उल्लंघन कर सकता है। उदाहरण के लिए, अस्पताल में पैदा हुए किसी भी बच्चे के साथ एक चिकित्सा अधिकारी का आधार संलग्न करना, या किसी एसएचओ के क्षेत्राधिकार में सभी परित्यक्त बच्चों के लिए उसका आधार संलग्न करना, इन अधिकारियों के प्राइवेसी के अधिकार का उल्लंघन कर सकता है।(6)आधार निर्णय का उल्लंघन, यह प्रावधान आधार निर्णय (पुट्टास्वामी 2018) में निर्धारित सिद्धांतों का भी उल्लंघन कर सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे वर्णन का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि ज़न्म और मृत्यु पंजीकरण संशोधन अधिनियम 2023 1 अक्टूबर 2023 से लागू - भारत के राजपत्र में अधिसूचना जारी।सुनिए जी ! अब ज़न्म प्रमाण पत्र को हल्के में नहीं लीजिएगा जी ! यहशासकीय प्रक्रिया में प्रमाणन का अति अनिवार्य सिंगल दस्तावेज़ हो गया है।भारत में ज़न्म मृत्यु पंजीकरण कराना अनिवार्य बना - जन्म से मृत्यु तक हर शासकीय प्रक्रिया, योजना,रोजगार में ज़न्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता लागू हुई।



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

## अँधों की जमात

अँधों की जमात,निकल पड़ा विरोध को
हाथ में डंडा,दिमाग में भरके क्रोध को।
अक्ल के दुश्मन समझ न पाते सच्चाई
आका जो कहते,मानते उसी ही बोध को।।
ऐसे लोग यथार्थ-मिथ्या को नही आँकते।
नजर दौड़ाकर आँगन को नही झाँकते।
भले ही जूझ पड़ेंगे राजनैतिक बातों में।
पर अक्ल के घोड़े को कही नही जाँचते ।।
ये हुक्मरानों के नक्शेकदम पर चल पड़ते।
मिथ्या को सत्य बताने की मुहिम छेड़ते।
जो नाम स्थान होते गर्व-गाथाएँ करने को
उसपर भी नासमझ निर्भय होकर लड़ते।।
काश! जनमानस काम को लेकर जूझते।
ये सत्ता-शासन से भर-भर सवाल पूछते।
फिर विकास की धारा खुद बह निकलती।
दर्पण देख सत्ताधारियों के पसीने छूटते।।
इंडिया-ताजमहल हमारे देश का गुमान है।
जिससे देश-विदेश में हमारी पहचान है।
राज-नेताओं के फेर में कभी मत पड़ना।
ये जहर घोलने वाले सफेदपोश निशान है।



चन्द्रकांत खुंटे
'क्रांति'
जांजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कहीं नहीं पाती हूँ

किसी ने पूछा,ये किसका घर है
मैंने कहा पापा का ,
और माँ कहती हैं,
मुझे पराये घर जाना हैं ।
इसीलिए इस आँगन में मैं बस
खेलती कूदती रहती हूँ।
फिर किसी ने पूछा, ये किसका घर है
मैंने कहा ससुरजी का,
और सास कहती हैं कि
मैं पराये घर से आई हूँ ,
इसीलिए इस आँगन में
इच्छाओं को दबाती हूँ ।
फिर किसी ने पूछा,ये किसका घर है ।
मैंने कहा पति का,
और पति गुस्से में कहते हैं,
ये मेरा घर है,चली जाओ
जहां जाना हैं ,
इसीलिए इस आँगन में
मैं काम करती हूँ।
फिर किसी ने पूछा,ये किसका घर है ।
मैंने कहा मेरे बेटे का,
और बहू कहती हैं,
हमारे हिसाब से रहो ,
नही तो वृद्धाश्रम छोड़ देंगे,
इसीलिए, इस आँगन में
मैं नीर बहाती हूँ।
चार घर देखती हूँ,
जीवन के चार काल में ।
पापा ,ससुर,पति और बेटा,
पर अपना घर ......
कहीं नहीं पाती हूँ। ।



गरिमा राकेश गौतम
जयपुर
राजस्थान

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## बाल पहेलियाँ

1- तीन भुजाएं ऐसी आई ,
जुड़ कर बच्चों क्या कहलाई?
आकृति रेखागणित की मानो,
जल्दी से इसको पहचानों।
2- तीन खम्ब जब मिले समान,
बने बीच में कोण समान।
इस आकृति का नाम बताओ ,
बोलो बच्चों बुद्धि लगाओ।
3- दो भुजा दो कोण समान,
झट बतलाओ उसका नाम ।
गणित आकृति उसको मानो,
रानी राधा तुम पहचानो।
4- तीन भुजायें जब जुड़ जाएं,
बोलो आकृति क्या कहलाए
न तो भुजा समान न कोण समान,
बोलो राधा रामू राम।

उत्तर 1- त्रिभुज, 2-समबाहु त्रिभुज, 3- समद्विबाहु त्रिभुज, 4- विषमवाहु त्रिभुज



डॉ0 कमलेन्द्र कुमार
रावगंज,कालपी
जालौन
उत्तरप्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# ओजोन परत के बिना समाप्त हो जाएगा पृथ्वी पर जीवन

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंज' अर्थात् 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना'।

आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा




उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्राय: कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।



योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़,
नई दिल्ली

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहन

» जी 20 की भारत की अध्यक्षता के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एजेंडे को व्यापक प्रोत्साहन मिला है। अब समय आ गया है कि महिलाएं विकास की प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए आगे आयें

» जी20 एम्पॉवर वैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है

महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' की अवधारणा पेश की। भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों बल्कि विकास की अगुआ भी हों।

जी20 एम्पॉवर की भारत की अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर है:- शिक्षा, महिला उद्यमिता और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभ हों।

शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस ÷संपूर्ण-सरकार÷ का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे।

महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है ङ्क यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को न केवल एक वित्तपोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा व उसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है।

दूसरा, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नजर रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु रुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं।

तीसरा, हमने एक %उत्कृष्ट कार्यप्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां संकलित हैं।

चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य से जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं।

पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवर पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवर के हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है।

इन पहलों के अलावा, हमने गांधीनगर घोषणा' भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है।

इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों। 30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

-संगीता रेड्डी-

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में काव्य कार्यशाला संस्कार प्रभा आयोजित

प्रियंका अग्निहोत्री 'गीत''
वाराणसी उत्तरप्रदेश

प्रभाश्री फाउंडेशन काशी तथा संस्कार प्रभा के संयुक्त प्रयास से हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय काव्य कार्यशालाएं आयोजित की गई। इसमें विभिन्न स्कूलों के 180 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया तथा काव्यात्मक सृजन करने के गुर सीखे। विगत 22 वर्षों से संस्कार प्रभा बच्चों में आचार विचार व्यवहार संस्कार तथा राष्ट्रवाद के बीजारोपण का कार्य सफलतापूर्वक कर रही है। इसका संस्थापन वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती जी द्वारा किया गया था। प्रभा श्री ग्रूप की निदेशक प्रियंका अग्निहोत्री गीत ने बताया कि भाव अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होने के साथ-साथ तनाव तथा क्रोध आदि से निजात दिलाने में भी काव्य




लेखन सदा कारगर सिद्ध होता है, साथ ही साथ एकाग्रता बढ़ाने का भी कार्य करता है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए पूजनीय स्वाती जी के शब्दों को याद किया कि काव्य में शब्दों के सौंदर्य के साथ-साथ भावों की मर्यादा तथा शुचिता को भी धारण करना नहीं भूलना चाहिए। काशी की साहित्यकार प्रियंका गीत ने बच्चों को संस्था द्वारा नि:शुल्क प्रकाशित करने का वचन दिया तथा मंच पर आने का निमंत्रण भी दिया। कार्यशाला के दौरान सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई तथा उत्साह पूर्वक त्वरित सिखाई गई बातों के अनुरूप पंक्तियों का सुंदर सृजन मंच पर प्रस्तुत किया। इसी प्रकार तालियों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# लक्जरी कार से 17 लाख रुपये नगद बरामद, जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा के निर्देशन में जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को कड़ी नकाबन्दी कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं, इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी तारतम्य में 14 सितंबर 23 को चेकिंग दौरान अम्बिकापुर की ओर से आ रही टाटा नेक्सोन कार क्रमांक सीजी 12 बीके 6202 को थाना उदयपुर के सामने मुख्य मार्ग पर पहुचने पर वाहन को रोक कर चेक किया गया जो वाहन में एक व्यक्ति बैठा मिला नाम पता पूछने पर अपना नाम ओंकार सिंह राणा पिता स्व. रसपाल सिंह राणा उम्र 59 वर्ष साकिन विकासनगर कुसमुण्डा थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा का होना बताते हुए अम्बिकापुर से कोरबा की ओर जाना बताया, जिस पर उक्त टाटा नेक्सॉन कार की तलाशी लेने पर पीछे डिक्की मे एक थैले मे रखा हुआ 17 लाख





रुपये नगद बरामद हुआ, उक्त रकम के सम्बन्ध मे वाहन मालिक से पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही मिलने पर थाना उदयपुर द्वारा उक्त नगद रकम 17 लाख रूपये जप्त कर मामले मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे सउनि राकेश सिंह प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह आरक्षक रविन्द्र साहू, राजकुमार सिंह, कुज लाल सोरी सैनिक चंदन सिंह सक्रिय रहे।

# 240 नग अवैध नशीला कफ सिरफ के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा के निर्देशन में जिले में क़ानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने एवं नशे के अवैध कारोबार मे लिप्त संदेहियो पर लगातार पैनी नजर रखकर सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं,इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही हैं।



इसी तारतम्य मे आज दिनांक को थाना कोतवाली पुलिस टीम को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति न्यू बस स्टैंड तिराहा के पास काफी मात्र मे अवैध नशीला कफ सिरफ रखकर बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं, तत्काल पुलिस टीम द्वारा संदेहियो की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो अपना नाम (01)दिनेश गुप्ता पिता ज्ञानी गुप्ता उम्र 24 साल निवासी घुटरापारा (02) प्रहलाद सोनी पिता स्व.कृष्णा प्रसाद सोनी उम्र 38 साल निवासी मायापुर अम्बिकापुर का होना बताये जो संदेहियो की तलाशी लेने पर 240 नग अवैध नशीला कफ सिरफ किमती लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये बरामद किया गया, आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर अवैध नशीला कफ सिरफ रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश करना स्वीकार किया गया, आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 595/23 धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, बस स्टैंड प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्र.आर. छत्रपाल सिंह, आरक्षक जयदीप सिंह, रुपेश महंत, मंटू गुप्ता, अमित राजवाड़े, शाहबाज खान, इदरीश खान, शिव राजवाड़े, रमेश राजवाड़े, अनुज जायसवाल शामिल रहे।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों की प्रवेश सूची जारी

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में सत्र 2023-24 में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दिया गया है। उन्होंने विद्यालय के प्राचायों को पत्र जारी कर चयनित विद्यार्थियों को तत्काल दूरभाष पर सूचित कर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करने कहा है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2022-23 हेतु बैंक खाते का आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों का बैंक खाते का आधार से सीडिंग कराना है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में पोस्ट मैट्रिक भुगतान हेतु ऑनलाईन पोर्टल पर आधार सीडिंग हेतु 8 सितंबर की स्थिति लंबित पाए गए संबंधित विद्यार्थी तत्काल अपना व्यक्तिगत बैंक खाता को आधार सीडिंग कराकर शैक्षणिक संस्था को सूचित करें। आधार सीडिंग नहीं होने की दशा में छात्रवृत्ति भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

# कैबिनेट के स्वच्छता मंत्री,उपमंत्री विजेताओं को किया सम्मान





- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजय अग्रवाल व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम द्वारा प्रदत्त निर्देशो के परिपालन, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा शशिकांत सिंह द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन अनुरूप स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन कर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वच्छता अपनाने हेतु शपथ ग्रहण, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, सार्वजनिक हेडपंप, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व विद्यालय के बाह्य परिवेश, फुटबॉल मैदान की साफ सफाई, व्यक्तिगत स्वास्थ्य परिचर्चा, स्वच्छता को प्रेरित करता चित्रकला, पेंटिंग-पोस्टर निर्माण कार्य, हस्त प्रक्षालन कार्य, सायकल रैली निकालकर आमजन को स्वच्छता अपनाने, स्वच्छ रहने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम मे अतिथि स्वरूप शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती एनमति राजवाड़े व उपाध्यक्ष श्रीमती कैलासो, श्रीमती मानमती जायसवाल उपस्थिति रहीं। संस्था के बाल कैबिनेट के स्वच्छता मंत्री सुश्री अनीता राजवाड़े व उपमंत्री रजनी विश्वकर्मा सहित सक्रिय सहयोगी के रूप में टिकेश्वरी राजवाड़े, रेशमी राजवाड़े, नीशु राजवाड़े व मयूरी रजवाड़े को तथा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से प्रथम- दिव्या राजवाड़े, द्वितीय- अभिषेक विश्वकर्मा एवं तृतीय संजू देवांगन को, कक्षा सातवीं में प्रथम- कुमारी रूपा विश्वकर्मा, द्वितीय- कुमारी वर्षा सिंह, तृतीय- रजवंती राजवाड़े को एवं कक्षा आठवीं में प्रथम- अंजू राजवाड़े, द्वितीय- दामोदर प्रसाद राजवाड़े एवं तृतीय शालिनी यादव को कापी-पेन से पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि संस्था के समस्त कार्यो को संस्थागत अंजू राजवाड़े व केशवनंद रजवाड़े के कुशल नेतृत्व में संपन्न कराया जाता है। इस दौरान संस्था में पदस्थ शिक्षक श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी व सहायिका श्रीमती सुमित्रा राजवाड़े व नान दईया सक्रिय रहे।



## अमर बलिदानी निरीक्षक हेमंत मरावी एवं श्याम किशोर शर्मा की स्मृति में शौर्य जागरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विश्व हिन्दु परिषद का युवा संगठन बजरंग दल द्वारा अमर बलिदानी निरीक्षक हेमंत मरावी एवं श्याम किशोर शर्मा की स्मृति में शौर्य जागरण यात्रा एवं विशाल बाईक रैली का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचलन निम्नानसार है। - दोपहर 12:00 बजे पी0जी0 कॉलेज मैदान में एकत्रीकरण है तत्पश्चात यात्रा गांधीचौक से चौपाटी, जोड़ा पीपल से शिवाजी चौक (गुदरी चौक) से गुरुनानक चौक (थाना चौक) से माहामाया चौक से सदर रोड़ होते हुए जयस्तंभ चौक से अग्रसेन चौक से होते हुए ब्रम्हरोड़ से संगम चौक देवीगंज रोड़ से होते हुए कला केन्द्र मैदान घड़ी चौक पर सभा के रुप में समापन किया जायगा। जहां सभा में अमर बलिदानियों के परिजनों को विश्वहिन्दु परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा सम्मनित किया जायेगा।

## समयमान वेतनमान आदेश जारी किए जाने पर छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से मिलकर दिया धन्यवाद

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।







छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कलेक्टर श्री कुंदन कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट कर कलेक्टर कार्यालय के अधीनस्थ 45 लिपिकों का समयमान वेतनमान स्वीकृत किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर श्री कुंदन ने सभी को इस हेतु शुभकामनाएं दीं तथा कार्य के प्रति ईमानदार रहते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने प्रोत्साहित किया। संघ के पदाधिकारियों ने इसी प्रकार अन्य लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर समयमान वेतनमान आदेश जारी किए जाने की मांग रखी। संघ के प्रांतीय संरक्षक श्री कौशलेंद्र पांडेय ने कलेक्टर श्री कुंदन के समक्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक आहूत करवाए जाने की मांग रखी ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण समय पर किया जा सके, कलेक्टर ने जल्द बैठक आयोजित कराए जाने आश्वस्त किया। इस दौरान संघ के प्रांतीय महामंत्री श्री प्रमोद कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष श्री दुर्गेश सिन्हा, संरक्षक सुधीर कुमार सिन्हा तथा दिलीप सिन्हा, सदस्य हर्षा प्रजापति, हेमवंती, प्रिया सिंह तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे।




## सही वजन,सही ऊंचाई,उम्र अनुसार मनाया गया वजन त्यौहार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के वजन त्योहार संबंधी निर्देश के परिपालन में परियोजना अन्तर्गत 343 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन त्योहार को सफल आयोजन हेतु जन प्रतिनिधियों एवं पालको को आर्मत्रित कर बच्चों के ऊंचाई एवं उम्र अनुसार सही वजन की जानकारी रिपोर्ट कार्ड में भरकर दी जा रही है। पोषण संबंधी गतिविधियों के माध्यम से पोषण संबंधी जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अब तक सूरजपुर परियोजना अंतर्गत 12000 से भी अधिक बच्चों का वजन किया जा चुका है तथा आगामी 25 सितम्बर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों वजन त्यौहार का आयोजन होना है। कलेक्टर श्री संजय कुमार अग्रवाल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिसोदिया के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में परियोजना अधिकारी सेक्टर पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका अपनी महती भूमिका निभा रहे है।




# मुख्यमंत्री द्वारा घोषित हेल्पलाइन नंबर पर नहीं लगता फोन,लोगों ने कहा-योजना महज दिखावा

## बड़सरा क्षेत्र के पटवारी के कार्यशैली से ग्रामीणों में रोष

- ओंकार पांडेय -
सूरजपुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल ही नहीं लगता। सरगुजा में पटवारियों की दुकानदारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा घोषित हेल्पलाइन महज दिखावा साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के इस हवा हवाई घोषणा पर लोगों में आक्रोष व्याप्त है। विदित हो कि विगत वर्ष बलरामपुर-सूरजपुर जिले में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेष बघेल को पटवारियों द्वारा आमजनमानस से किए जा रहे वसूली की षिकायतों से त्रस्त होकर पटवारियों पर सख्ती बरतते हुए प्रदेश स्तर पर टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 155343 या 9630524516 जारी किया था। जिसको लेकर कहा गया था कि कोई भी पटवारी नामान्तरण, सीमांकन या अन्य कार्यो के लिए रिष्वत की मांग करता है तो उक्त नंबर पर हितग्राही द्वारा षिकायत दर्ज कराई जा सकेगी जिस पर पटवारी पर कार्यवाही पहले होगी और पूछताछ बाद में होगी। वहीं जारी नंबर पर कॉल नहीं लगने से आमजनमानस खुद को छला महसूस कर रहे हैं।




### बड़सरा के हलका पटवारी नहीं उठाते फोन

भैयाथान तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़सरा में पदस्थ हलका पटवारी पीतांबर कुषवाहा क्षेत्र के लोगों का न तो कॉल रिसीव करते हैं और न ही कॉल बैंक करते हैं। जिसकी षिकायत भैयाथान अनुविभाग राजस्व अधिकारी सागर सिंह से की गई है। पटवारी का गैर जिम्मेदार रवैया से लोगों में आक्रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि इन दिनों सहकारी समितियों में धान खरीदी का पंजीयन कार्य किया जा रहा है। पंजीयन के बगैर किसान अपना धान नहीं समितियों में नहीं बेच सकेंगे। वहीं जिन किसानों के रकबे में संसोधन किया जाना है उन्हें गिरदावरी की रिपोर्ट देना आवष्यक है। ऐसे में पटवारी का ग्रामीणों का कॉल रिसीव नहीं करना ग्रामीणों के लिए परेषानी का सबब बन गया है।

### विधायक और मंत्री दबाव बनाकर कराते हैं वसूली

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयनाथ सिंह केराम ने कहा कि विधायक और विभाग के मंत्री द्वारा पटवारियों पर राजनैतिक दबाव बनाकर ग्रामीणों से वसूली कराते हैं। राजस्व विभाग के अधिकांष अधिकारी-कर्मचारी महज विधायकों और मंत्रियों के लिए वसूली का जरिया मात्र हैं। इसलिए उन पर प्रषासनिक स्तर कार्यवाही भी नहीं होती है।

## खाद्य अधिकारी ने चावल के साथ मसाला खरीदने की बाध्यता संबंधी खबर का किया खंडन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि विभिन्न समाचार माध्यमों से मिली 35 रूपये के चावल के साथ 70 रूपये का मसाला लेने की खबर जांच कराई गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के 04 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में उपस्थित हितग्राहियों से चावल के साथ मसाला खरीदने की बाध्यता की बात पर संयुक्त कथन लिया गया। जिसमें हितग्राहियों द्वारा बताया गया कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल, शक्कर, चना, एवं नमक के साथ-साथ मसाला का भी विक्रय किया जा रहा है। मसाला का मूल्य बाजार मूल्य से कम होने व अच्छी गुणवत्ता का होने के कारण क्रय किया जा रहा है। दुकान संचालक द्वारा किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बनाया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने हितग्राहियों के कथन के माध्यम से स्पष्ट किया है कि जांच के समय दुकान संचालकों को मसाला विक्रय हेतु किसी भी हितग्राही पर मसाले खरीदने हेतु दबाव नहीं बनाने या बाध्य नहीं किया जा रहा है, साथ ही दुकान संचालकों को सुव्यवस्थित संचालन हेतु निर्देशित किया गया है।

## गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर पशुबद्य गृह रहेंगे बंद

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम, राजस्व प्रभारी अधिकारी ने बताया है कि गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर 19 सितंबर 2023 को जिले में पशुबद्य गृह बंद रहेंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछ्ली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को आदेशित किया है कि इस दिन मांस, मछ्ली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने इस तिथि को पशुवध एवं मांस विक्रय न किए जाने कहा है।

# अमेरिकी एक्सएल बुली नस्ल के कुत्तों पर प्रतिबंध लगाएंगे पीएम सुनक,हाल ही में कर चुके देशभर में कई हमले

**लंदन,15 सितम्बर 2023 ।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को एक खतरनाक नस्ल के कुत्ते पर प्रतिबंध लगाने का संकल्प लिया है, जिसे अमेरिकन एक्सएल बुली के नाम से जाना जाता है। इस नस्ल के कुत्तों ने हाल ही में कई हमले किए हैं। स्टैफर्डशायर में इसी हफ्ते एक व्यक्ति की मौत के पीछे भी वजह भी इसी नस्ल का कुत्ता माना जा रहा है।

भारतीय मूल के ब्रिटेश नेता सुनक ने एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने इस कुत्ते के हमलों की भयावहता को साझा किया है। उन्होंने अमेरिकन एक्सएल बुली कुत्ते की नस्ल को परिभाषित करने और प्रतिबंधित करने के लिए तत्काल काम करने का आदेश दिया है। यह मुद्दा पिछले हफ्ते तब से सुर्खियों में है जब बर्मिंघम में इसी नस्ल के कुत्ते के हमले में 11 साल की एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

10 डाउनिंग स्ट्रीट पर रिकॉर्ड किए गए संदेश में सुनक ने कहा, अमेरिकी एक्सएल बुली वाला कुत्ता हमारे समुदायों, विशेष रूप से हमारे बच्चों के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, मैं हाल ही में हम सभी द्वारा देखे गए वीडियो पर देश की भयावहता को साझा कर रहा हूं। कल हमने एक और संदिग्ध एक्सएल बुली कुत्ते के हमले को देखा, जिससे दुखद रूप से एक व्यक्ति की मौत हो गई।



सुनक ने यह भी साफ किया कि यह संदेश कुछ चुनिंदा गलत तरीके प्रशिक्षित कुत्तों को लेकर नहीं है। उन्होंने कहा, यह व्यवहार का एक पैटर्न है और इसे जारी नहीं रखा जा सकता है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने बताया कि मौजूदा कानूनों के तहत मालिकों के पास पहले से ही अपने कुत्तों को नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी है, लेकिन वह लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि वह इन हमलों को रोकने के तरीकों पर तत्काल काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, आज मैंने मंत्रियों को पुलिस और विशेषज्ञों को एक साथ लाने का काम सौंपा है, ताकि पहले इन हमलों के पीछे कुत्ते की नस्ल को परिभाषित किया जा सके, फिर इसे गैरकानूनी घोषित किया जा सके। यह मौजूदा कानून में परिभाषित नस्ल नहीं है, इसलिए यह महत्वपूर्ण कदम तेजी से होना चाहिए। इसके बाद हम खतरनाक कुत्ते अधिनियम के तहत इस नस्ल पर प्रतिबंध लगाएंगे और साल के अंत तक नए कानून लागू होंगे।

## यहूदी नव वर्ष से पहले वेस्ट बैंक व गाजा को पूर्ण रूप से बंद करेगा इजराइल

**जेरूसलम, 15 सितंबर 2023।** इजरायली सेना ने घोषणा की है कि वह शुक्रवार से शुरू होने वाले यहूदी नव वर्ष की छुट्टियों के दौरान वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों पर तीन दिवसीय पूर्ण पाबंदी लगाएगी।



सेना द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यह बंद शुक्रवार आधी रात के बाद शुरू होगा और रविवार आधी रात से पहले हटा लिया जाएगा।

सेना ने कहा कि बंद के दौरान इजराइल और वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी को जोड़ने वाली सभी चौकियों और क्रॉसिंगों को बंद कर दिया जाएगा।

इसमें कहा गया है, पासिंग केवल असाधारण मानवीय और चिकित्सा मामलों के लिए और (फिलिस्तीनी) क्षेत्रों में सरकार के कार्यों के समन्वयक की मंजूरी के तहत ही संभव होगी।

यह कदम वेस्ट बैंक में इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के बीच बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है।

इजराइल अक्सर सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए, यहूदी छुट्टियों के दौरान वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी पर पूर्ण बंदी लगाता है, जिन पर उसने 1967 के मध्य पूर्व युद्ध में कब्जा कर लिया था।

## डॉक्टरों ने ब्रेन डेड व्यक्ति में सूअर की किडनी का किया प्रत्यारोपण; 61 दिन तक चला प्रयोग

**नई दिल्ली, 15 सितम्बर 2023 ।** अमेरिका में आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी को ब्रेन डेड मरीज में प्रत्यारोपित करने वाले सर्जनों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ 61 दिनों के बाद अपना प्रयोग समाप्त कर दिया है। नवीनतम प्रयोग अनुसंधान के उस बढ़ते क्षेत्र का हिस्सा है जिसका उद्देश्य क्रॉस-प्रजाति प्रत्यारोपण को आगे बढ़ाना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंग प्रत्यारोपण के लिए 103,000 से अधिक लोग इंतजार कर रहे हैं, जिनमें से 88,000 को गुर्दे की आवश्यकता है। जुलाई में सर्जरी का नेतृत्व करने वाले न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय लैंगोन ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के निदेशक रॉबर्ट मोंटगोमरी ने कहा, ÷हमने पिछले दो महीनों के गहन अवलोकन और विश्लेषण के दौरान बहुत कुछ सीखा है, और हम इस कारण भविष्य के लिए आशान्वित हो सकते हैं।÷



यह मोंटगोमरी द्वारा किया गया पांचवां तथाकथित जेनोट्रांसप्लांट था, जिन्होंने सितंबर 2021 में दुनिया का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर किडनी प्रत्यारोपण भी किया था। उनके अनुसार, अध्ययन के दौरान एकत्र किए गए ऊतक ने संकेत दिया कि एक हल्की अस्वीकृति प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जिसके लिए इम्यूनोसप्रेशन दवा की तीव्रता की आवश्यकता थी।

अल्फा-गैल नामक बायोमोलेक्यूल के लिए जिम्मेदार जीन को ÷बाहर निकालकर÷ - मानव एंटीबॉडी को घुमाने के लिए एक प्रमुख लक्ष्य - एनवाईयू लैंगोन टीम तत्काल अस्वीकृति को रोकने में सक्षम थी। इस प्रयोग में दाता सुअर वर्जीनिया स्थित बायोटेक कंपनी रेविविकोर द्वारा खेती किए गए झुंड से आया था।

## पहले से खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा रहे माफिया, खुफिया ब्यूरो की रिपोर्ट का खुलासा

**इस्लामाबाद, 15 सितम्बर 2023 ।** पाकिस्तान के खुफिया ब्यूरो (आईबी) की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि तस्करी, कर चोरी, मादक पदार्थों के व्यापार, अवैध मुद्रा कारोबार और अफगान पारगमन (ट्रांजिट) व्यापार के दुरुपयोग से पहले से ही खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। एक प्रमुख स्थानीय समाचार पत्र की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

अखबार ने गुरुवार को खबर दी कि सरकार को सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि एजेंसी पाकिस्तान के लिए खतरा पैदा कर रहे आर्थिक आतंकवाद को रोकने के लिए क्या कर रही है।

सरकार को आईबी की रिपोर्ट महत्वपूर्ण है क्योंकि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका का संकेत देते हुए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कारोबारी समुदाय के साथ कई बैठकें की थीं और नकदी संकट से जूझ रहे देश में अरबों डॉलर का विदेशी निवेश लाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का वादा किया था।



यह बैठक ईंधन और बिजली बिलों में भारी वृद्धि और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये की कीमत में रिकॉर्ड गिरावट सहित जीवन यापन की बढ़ती लागत के विरोध में व्यापारियों की हड़ताल के बाद हुई थी। मौजूदा आर्थिक संकट के कारण बड़े पैमाने पर महंगाई बढ़ी है। पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतें 300 पाकिस्तानी रुपये के आंकड़े को पार कर गई है, जिसके परिणामस्वरूप बहुत सारे अवैध व्यापार हो रहे हैं। आईबी की रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि अकेले ईरानियन पेट्रोलियम, तेल उत्पादों की अवैध आपूर्ति के जरिए राष्ट्रीय खजाने को कम से कम 225 अरब रुपये का वार्षिक नुकसान हुआ है। इसमें कहा गया है कि अवैध बिक्री अब पूरे पाकिस्तान में नियमित पेट्रोल पंपों पर हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, %शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और रियल एस्टेट तथा पूंजी बाजार में पूंजीगत लाभ कर लगाए जाने से काला धन रखने वाले निवेशकों ने विनिमय दर के अवमूल्यन का फायदा उठाने के लिए अपनी पूंजी को विदेशी मुद्राओं की ओर मोड़ दिया।

आईबी की रिपोर्ट में इस बात की ओर ध्यान केंद्रित किया गया है कि अफगानिस्तान के 4 अरब डॉलर के वार्षिक व्यापार की मात्रा के अंतर को ड्रग व्यापार, पाकिस्तान से अफगानिस्तान में मुद्रा की तस्करी और हवाला /हुंडी के कारण प्राप्तियों के जरिए कैसे पूरा किया जाता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे पर गन से जुड़े मामले में आरोप तय

**वाशिंगटन, 15सितंबर 2023।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन पर गन से संबंधित मामलों में आरोप तय किया गया।

यह अभियोग रिपब्लिकन के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि जब वह उपराष्ट्रपति थे तो उन्हें विदेश में अपने बेटे के व्यापारिक सौदों के बारे में जानकारी नहीं थी।

मामले की जांच डेलावेयर के ट्रंप द्वारा नियुक्त अमेरिकी वकील डेविड वीस कर रहे हैं, जिन्हें राष्ट्रपति बाइडेन ने पद पर बनाए रखा और मामले को आगे बढ़ाने के लिए पूरी छूट दी।

## 10 मिनट में अचानक 28,000 फीट नीचे आई फ्लाइट,फिर पलटा रास्ता और लौटी एयरपोर्ट

**नेवार्क,15 सितम्बर 2023 ।** अमेरिका में एक फ्लाइट के साथ हाल ही में डरावना घटनाक्रम हुआ। न्यू जर्सी के नेवार्क एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली यूनाइटेड एयरलाइंस की एक फ्लाइट महज 10 मिनट के अंदर ही गोता लगाते हुए हवा में 28,000 फीट तक नीचे आ गई। इतना ही नहीं, सैकड़ों यात्रियों को ले जा रहा यह विमान इतना नीचे आने के बाद अचानक अपने रास्ते से पलटा और यात्रियों को वापस नेवार्क एयरपोर्ट पर ले गया।




### कहां जा रहा था विमान, कितने यात्री थे सवार ?

बोइंग 777 विमान में 270 यात्री और 40 केबिन क्रू मौजूद थे। फ्लाइट अवेयर डेटा का हवाला देते हुए अमेरिकी मीडिया ने बताया कि नेवार्क से टोम जाने वाली विमान रात के 8:37 बजे नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी और मध्य रात्रि 12:27 वापस एयरपोर्ट पर उतरी।

### एयरलाइन ने क्या बताई इस घटना की वजह ?

एयरलाइन ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि केबिन प्रेशर में कमी आने की वजह से विमान नेवार्क वापस लौटना पड़ा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, विमान सुरक्षित रूप से आ गई है और केबिन प्रेशर में कभी कोई कमी नहीं आई। फेडरेशन एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने भी दबाव के मुद्दे को स्वीकार कर कहा कि केबिन में प्रेशर की कमी आने के कारण पायलट को विमान का रास्ता बदलना पड़ा। उन्होंने आगे बताया कि जब स्विच अप हुआ तो विमान 10 मिनट में 28,000 नीचे आ गया। एयरलाइन ने बताया कि विमान के सभी यत्रियों को दूसरे विमान में बैठाकर उनके गणतव्य तक पहुंचाया गया है। पिछले साल दिसंबर में भी ऐसी एक घटना घटी थी। दरअसल, यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट UA1722 ने माउई के काहुलुई हवाई अड्डे से सैन फ्रांसिस्को के लिए उड़ान भरी थी, और 22,000 फीट से अचानक नीचे आ गई थी।

### कहां हैं ली शांगफू ?

## तीन हफ्तों से लापता चीनी रक्षा मंत्री पर बढ़ी जांच,घर में नजरबंद किए जाने की अटकलें



**बीजिंग, 15 सितम्बर 2023।** चीन के विदेश मंत्री किंग गैंग के बाद अब वहां के रक्षा मंत्री ली शांगफू का भी कोई अता-पता नहीं है। उन्हें सार्वजनिक रूप से करीब दो सप्ताह से अधिक समय से नहीं देखा गया है। ऐसे में अब ली से रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी वापस ले ली गई है। वहीं, उन्हें जांच के दायरे में रखा गया है।

### यह बड़े लोग गायब

जापान में अमेरिका के राजदूत रेहम इमैनुअल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति शी की कैबिनेट की कहानी अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास %एंड देयर वर नन% से मिलती जुलती है। उन्होंने कहा कि पहले विदेश मंत्री किन गैंग, फिर रॉकेट फोर्स कमांडर और अब रक्षा मंत्री ली शांगफू लापता हैं।

### इस साल ही बने थे रक्षा मंत्री

दावा किया जा रहा है कि उन्हें आखिरी बार तीसरे तीन अफ्रीका चाइना पीस एंड सिक्योरिटी फोरम में सार्वजनिक रूप से देखा गया था। बीजिंग में हुए इस सम्मेलन में ली ने अपना मुख्य भाषण दिया था। बता दें कि ली शांगफू को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

### डेनमार्क में कुछ तो चल रहा

इमैनुअल ने शेक्सपियर को क्वोट करते हुए कहा कि डेनमार्क में कुछ तो चल रहा है। अमेरिका के राजदूत ने पूछा कि क्या शांगफू को घर में नजरबंद कर दिया गया है? इसलिए न तो वह तीन सप्ताह से सार्वजनिक रूप से देखे गए और न ही सुने गए। बाद में वियतनाम यात्रा के लिए भी नहीं गए। इतना ही नहीं, अब वह सिंगापुर के नौसेना प्रमुख के साथ अपनी निर्धारित बैठक से भी अनुपस्थित हैं।

वहीं उन्होंने चीनी सरकार पर तंज भी कसा है। उन्होंने कहा कि देखना दिलचस्प होगा कि बेरोजगारी की दौड़ में कौन आगे रहेगा, चीन के राष्ट्रपति या वहां के युवा।

### भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के बीच गायब हुए ली

गौरतलब है, जुलाई में चीनी विदेश मंत्री किन गैंग के लापता होने के बाद शांगफू के लापता होने की खबर आई थी। ली शांगफू के इस तरह से गायब होने के बाद तमाम तरह की अटकलें लगने लगी हैं। चीन के रक्षा मंत्री तब गायब हुए हैं, जब पांच साल पहले की गई हार्डवेयर खरीद से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि ये जांच जुलाई में शुरू की गई थी। हालांकि चीनी सेना का कहना है कि वह अक्टूबर 2017 से ही इन मुद्दों की जांच कर रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ली सितंबर 2017 से 2022 तक उपकरण विभाग में कार्यरत थे। हालांकि, उनपर कोई आरोप नहीं है।

### चीन में क्यों गायब हो जाती हैं चर्चित हस्तियां ?

पहले जारी रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों की मानें तो हस्तियों के साथ किया गया बर्ताव चीनी सरकार की उसकी सत्ता के लिए किसी भी चुनौती को दूर करने के प्रयास दिखाता है। कारोबारियों के मामले में कहा जाता है कि देश के निजी कारोबारियों के हाथों में अधिक संपत्ति को चीनी सत्ताधारी पार्टी अपने लिए एक संभावित खतरा मानती है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के कार्यकाल में और विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में, ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने और उनकी संपत्ति जब्त करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। माना जाता है कि सत्ता का साफ संदेश है कि कोई भी पार्टी से ऊपर या उसकी पहुंच से बाहर नहीं है।

## भारतीय मूल के व्यक्ति को 10 महीने की सजा,शराब के नशे में अपने हमवतन की तर्जनी काटने का आरोप

**सिंगापुर, 15 सितम्बर 2023।** सिंगापुर में एक 40 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। इस साल अप्रैल में एक पार्टी के दौरान शराब के नशे में व्यक्ति ने अपने ही हमवतन की तर्जनी काट दी थी।

खुदाई करने वाला ऑपरेटर रेंगास्वामी बालासुब्रमण्यम को अपने हमवतन नगूरन बालासुब्रमण्यम की बाई तर्जनी काटने के आरोप में सजा सुनाई गई है। दोनों ही भारतीय काकी बुकित में अलग-अलग विदेशी श्रमिक छात्रावास में रहते थे।

शराब के नशे में काट ली तर्जनी हमले से पहले 50 वर्षीय नगूरन और 33 वर्षीय निर्माण मजदूर रामामूर्ति अनंतराज 22 अप्रैल को एक साथ शराब पी रहे थे। रेंगास्वामी उनसे पांच मीटर की दूरी पर बैठा हुआ था। शराब की नशे में रेंगास्वामी ने नगूरन पर चिल्लाया और आवाज धीमी करने के लिए कहा, जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा शुरू हुआ। अनंतराज ने दोनों को अलग करने की कोशिश की



लेकिन झड़प में रेंगास्वामी की तर्जनी आरोपी के मुंह में चली गई, जिसके बाद आरोपी ने उसकी उंगली काट ली।

उप लोक अभियोजक कै चेंघन ने कहा, %शराब के नशे दोनों जमीन पर गिर गए, लेकिन रेंगास्वामी ने नगूरन की उंगली काटता रहा। नगूराम किसी तरह से खुद को बचाने में कामयाब रहा। जब उसने अपनी तर्जनी उंगली की तरफ देखा तो उसमें से खून निकल रहा था।

नगूरम ने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी और फिर इलाज के लिए अस्पताल गया, जहां उसकी तर्जनी का ऑपरेशन किया गया। कै चेंघन ने आरोपी रंगास्वामी के लिए 10 से एक साल तक की सजा की मांग की थी। सिंगापुर के कानून के तहत, किसी अपराधी को गंभीर चोट पहुंचाने के लिए 10 साल तक की जेल और जुर्माना या बेंत की सजा दी जाती है।

## इमरान की याचिका पर फैसला सुरक्षित,PML-N सरकार में भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में किए गए बदलाव रद्द

**इस्लामाबाद ,15 सितम्बर 2023।** पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है। इसके साथ ही अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक कानूनों में पिछली शहबाज सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को शुक्रवार को रद्द कर दिया।

पिछले साल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान खान ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार द्वारा जवाबदेही कानूनों में किए गए संशोधनों को चुनौती देते हुए एक याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह की तीन सदस्यीय पीठ ने 2-1 के बहुमत से फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति शाह बहुमत के फैसले से असहमत थे।

इन बदलावों को रद्द करते हुए अदालत ने कहा कि भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के अधिकार क्षेत्र को 50 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों तक सीमित करने जैसे संशोधन संविधान के खिलाफ हैं। अदालत ने सार्वजनिक पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों को बहाल किया।

पीठ ने कानूनों में किए गए संशोधनों के आलोक में जवाबदेही अदालतों द्वारा जारी फैसलों को अमान्य घोषित कर दिया और एनएबी को सात दिनों के भीतर संबंधित अदालतों को रिकॉर्ड भेजने का निर्देश दिया। गठबंधन सरकार ने राष्ट्रीय




जवाबदेही (द्वितीय संशोधन) अधिनियम 2022 के माध्यम से 1999 के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अध्यादेश में कई बदलाव किए थे, जिसे इमरान खान ने पिछले साल जून में चुनौती दी थी।

इनमें एनएबी अध्यक्ष और महाभियोजक का कार्यकाल घटाकर तीन साल करना, भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था के अधिकार क्षेत्र को 50 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों तक सीमित करना और सभी लंबित जांच और सुनवाई संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करना शामिल है।

53 से अधिक सुनवाइयों की लंबी कार्यवाही के बाद अदालत ने पांच सितंबर को मामले को समाप्त कर दिया और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसे मुख्य न्यायाधीश बंदियाल की सेवानिवृत्ति से ठीक एक दिन पहले घोषित किया गया है। फरवरी 2022 में शीर्ष न्यायाधीश के रूप में पदभार संभालने वाले बंदियाल 16 सितंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

फैसले के बाद इमरान खान के वकील शोएब शाहीन ने कहा कि संशोधनों को संविधान के अनुच्छेद 9 (व्यक्ति की सुरक्षा), 14 (व्यक्ति की गरिमा की उल्लंघन आदि) और 89 (अध्यादेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति) का उल्लंघन घोषित किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया,%ये संशोधन शरीफ परिवार के निजी वकीलों ने तैयार किए थे। उन्होंने कहा कि ये बदलाव कुछ लोगों के फायदे के लिए किए गए थे।

# क्या विधायकों को केवल सत्ता का सुख और आम जनता कार्यकर्ताओं से मिलने वाला सम्मान भर चाहिए?...संगठन के आह्वान को सफल बनाना क्या उनकी नहीं कार्यकर्ताओं मात्र की जिम्मेदारी है?

### क्या विधायकों को प्रदेश कांग्रेस पार्टी के आंदोलन से कोई लेना देना नहीं?

### क्या कोरिया सहित नवीन जिले एमसीबी में प्रदेश कांग्रेस पार्टी के आहवान पर आयोजित रेल रोको आंदोलन औपचारिकता साबित हुई?

### दोनों ही जिलों में क्यों नहीं शामिल हुए कार्यक्रम में एक भी विधायक,किसी तरह जिलाध्यक्षों पूरी की औपचारिकता?

### एमसीबी जिले में तो कांग्रेसी नेता रेलवे स्टेशन के भीतर भी न कर सके प्रवेश,कहा रेल्वे बल ने बाहर रोका

### कोरिया जिले में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में रेल्वे स्टेशन में घुसकर की गई नारेबाजी,स्टेशन अधीक्षक को दिया गया ज्ञापन

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान को विधायकों ने नहीं लिया गंभीरता से, नहीं पहुंचा कोई भी विधायक

#### कोरिया जिले में जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में यह लोग हुए शामिल,कई विधायक पद के दावेदार भी विधायक की ही तरह रहे कार्यक्रम से नदारत

कोरिया जिले में रेल रोको आंदोलन के दौरान यदि देखा जाए तो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विधायक की टिकट मांग रहे यह प्रमुख और मजबूत दावेदार मौजूद रहे जिसमे वेदांती तिवारी,अशोक जायसवाल,अनिल जायसवाल,संगीता राजवाड़े प्रमुख थे वहीं अन्य में कुछ प्रकोष्ठों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे,अभी जारी नई कई प्रकोष्ठों की कार्यकारणी के कई महत्वपूर्ण जिम्मेदार पदाधिकारी इस कार्यक्रम में नजर नहीं आए यह भी देखा गया।।कई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी नदारत रहे। कुल मिलाकर जो खुद को कर्मठ साबित करते चले आ रहें हैं और मौजूद दिखे और जिन्हे लाभ से मतलब है और पार्टी की गतिविधियों से आहवान से उन्हे कोई लेना देना नहीं होता वह नजर नहीं आए। बताया यह भी जा रहा है की कई ऐसे लोग भी इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे जो विधानसभा चुनाव में खुद के लिए टिकट की मांग कर रहे हैं और उनके समर्थक भी नदारत दिखे,विधायक के कुछ खास समर्थक कार्यक्रम में नजर नहीं आए यह भी वहां चर्चा का विषय रहा।

#### एनएसयूआई कोरिया ने भी युवाओं को जुटा पाने में साबित की उदासीनता

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित रेल रोको अभियान के दौरान एन एस यू आई कोरिया भी युवाओं को जुटा पाने में असमर्थ रहा जो देखने को मिला। अनुशासन की बात करने वाले एन एस यू आई जिलाध्यक्ष कोरिया के पूरे आहवान सफलता मामले में इसलिए भी कमजोर कहे जा सकते हैं क्योंकि उनकी नव मनोनित टीम भी इस दौरान पूरी तरह उपस्थित नहीं दिखी,वहीं न ही कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ही किया गया जबकि कई बार लाइव प्रसारण उनके द्वारा किया जाता है। कुल मिलाकर इस प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से आहवान किए गए कार्यक्रम में विरोध प्रदर्शन में उनकी उदासीनता देखने मिली।

#### कैसे सत्ताधारी दल साथ ही मुख्यमंत्री के मिशन 2023 को कोरिया एवम एमसीबी जिले के विधायक बनाएंगे सफल?..कैसे होगी मिशन 2023 में कांग्रेस पार्टी की फतह

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश की सत्ता में काबिज कांग्रेस पार्टी वहीं मुख्यमंत्री लगातार आगामी विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 को लेकर एक तरह से मिशन बनाकर जुट चुके हैं वहीं उनके वर्तमान विधायक अभी अपने टिकट के ही चक्कर में लगे हैं और राजधानी से लेकर हर उस जगह जरूर जा रहे हैं जहां टिकट काटना और बंटना उन्हे पता चल पा रहा है। विधायक पार्टी के ही आहवान को अपने क्षेत्र में उपस्थित होकर सफल बनाते नही देखे जा रहे हैं,पार्टी ने रेल रोको आंदोलन इसलिए किया था की रेल की वर्तमान व्यवस्था को जन जन तक वह पहुंचाए और यह बता सके की कैसे वर्तमान में रेल की यात्रा दुखदाई बनी हुई है,लेकिन इस अभियान आहवान को कोरिया के एमसीबी जिले के विधायकों ने तवज्जो नहीं दिया और कार्यक्रम में मौजूद नजर नहीं आए। अब वह मिशन 2023 की तैयारी में लगे मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस पार्टी को किस तरह अभियान में सफलता दिलाएंगे यह सवाल जरूर खड़ा होता है।







-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/एमसीबी,15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले का विभाजन हुआ और एक जिले को विभाजित कर दो जिला बना दिया गया, यह विभाजन प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह कहते हुए किया की अब व्यवस्था और शासकीय तंत्र का विकेंद्रीकरण करने का वक्त है जिससे विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। जिला विभाजन से जहां एक तरफ मनेंद्रगढ़ शहर में उत्सव का माहौल बना वहीं कोरिया जिले को मातम में देखा गया, वहीं एमसीबी नवीन जिले में शामिल चिरमिरी,भरतपुर खड़गवां आज तक अपना भविष्य किस जिले में उज्वल है को लेकर मंथन ही कर रहें हैं, वहीं जिला विभाजन के बाद प्रशासनिक कसावट भले देखने को मिल रही है लेकिन यदि राजनीतिक दलों की स्थिति अनुसार देखा जाए तो राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों सहित संख्या बल के मामले में कमजोर नजर आ रहे हैं और वह कहीं न कहीं यह महसूस कर रहें हैं की संयुक्त अविभाजित जिला जब हुआ करता था तब वह अधिक संगठित थे और किसी दलीय आहवान पर वह अधिक बेहतर कर पाते थे अच्छी संख्या के साथ कर पाते थे कोई कार्यक्रम या विरोध प्रदर्शन। बात हाल फिलहाल में प्रदेश कांग्रेस पार्टी की तरफ से आहवान किए गए रेल रोको आंदोलन को लेकर की जाए तो यहां भी यही देखने को मिला की कार्यक्रम दोनो ही जिलों में असफल साबित हुआ और किसी तरह कुछ नेताओं ने औपचारिकता पूरी की मात्र। वहीं दोनो ही जिलों में निर्वाचित तीन विधायक होने के बावजूद एक भी विधायक इस अभियान से आहवान से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नहीं जुड़ा और कार्यक्रम किसी तरह ज्ञापन देने मात्र तक सीमित रहा। बैकुंठपुर में कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया रेल रोको आंदोलन रेलवे स्टेशन के अंदर पहुंच कर संपन्न हुआ, यही मात्र उसकी उपलब्धि रही वहीं एमसीबी नवीन जिले में तो कांग्रेसी रेलवे स्टेशन में भी प्रवेश नहीं कर सके और जिलाध्यक्ष का बयान भी आया की रेलवे सुरक्षा बल ने उन्हे बाहर ही रोक दिया। कुल मिलाकर यह आहवान अपनी सफलता तक नहीं पहुंच सका,जनता तक इसका संदेश इसके उद्देश्य की जानकारी पहुंचा पाने में दोनो जिलों के कांग्रेसी नेता असफल रहे जो देखने को मिला।

#### दोनो ही जिलों में विधायकों ने नही लिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान में हिस्सा

कोरिया सहित एमसीबी जिले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रेल रोको आंदोलन आयोजित तो किया गया लेकिन कहीं भी कोई विधायक जिले का शामिल नहीं हुआ जो देखने को मिला,यह कहा जाए यदि की विधायकों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान को गंभीरता से नहीं लिया तो गलत नहीं होगा। विधायक क्यों आहवान में शामिल नहीं हुए इसको लेकर कोई स्पष्ट जानकारी तो सामने नहीं आई लेकिन उनका क्षेत्र में न होना इसकी वजह मानी जा रही है ऐसा बताया जा रहा है।

#### क्या विधायकों को केवल सत्ता का सुख और आम जनता कार्यकर्ताओं से मिलने वाला सम्मान भर चाहिए,आहवान को सफल बनाना क्या उनकी नहीं कार्यकर्ताओं मात्र की जिम्मेदारी है?

कोरिया जिले सहित नवीन जिले एमसीबी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से आहवान किए गए रेल रोको आंदोलन कार्यक्रम में दोनो जिलों के कोई भी विधायक शामिल नहीं देखे गए, विधायकों की अनुपस्थिति में संगठन के लोगों ने कार्यकर्ताओं ने जैसे तैसे कार्यक्रम की खानापूर्ति पूरी की अब ऐसे में सवाल यह उठता है की क्या संगठन के आहवान की सफलता की जिम्मेदारी विधायकों की नहीं है केवल कार्यकर्ताओं की मात्र जिम्मेदारी है? वहीं विधायक केवल सत्ता सुख कार्यकर्ताओं सहित आम जनता से सम्मान लेने निर्वाचित हुए हैं दल के प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, वैसे कोरिया जिले सहित एमसीबी जिले के विधायकों का रेल रोको कार्यक्रम में शामिल नहीं होना दर्शाता है की उन्हे संगठन से ज्यादा उसके आहवान से ज्यादा अपने मान सम्मान से मतलब है टिकट से मतलब है जिससे उन्हें वह मान सम्मान मिलता रहे।

#### कोरिया जिले में रेल रोको अभियान रेलवे स्टेशन के भीतर नारेबाजी सहित स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देने तक सीमित देखा गया

कोरिया जिले में यदि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर आयोजित रेल रोको कार्यक्रम की सफलता को लेकर बात की जाए तो देखा गया की यह कार्यक्रम रेलवे स्टेशन के भीतर नारेबाजी साथ ही स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन देने तक सीमित रहा। जीतने लोग भी जुटे उन्होंने रेलवे स्टेशन में जिलाध्यक्ष के साथ नारेबाजी की और उन्होंने नारेबाजी करने के बाद स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन दिया।

### एमसीबी जिले में रेल रोको कार्यक्रम रोककर कांग्रेसियों ने मनाया भरतपुर सोनहत्त विधायक के प्रतिनिनिधि का जन्मदिवस,कार्यक्रम को बनाया जन्मदिवस उत्सव

एमसीबी जिले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान को जिसके अंतर्गत रेल रोककर विरोध प्रदर्शन करना था उसे जन्मदिवस कार्यक्रम के रूप में परिवर्तित कर दिया गया और इस दौरान भरतपुर सोनहत विधायक के प्रतिनिधि का जन्मदिवस मनाते कांग्रेसी देखे गए, जन्मदिवस मानकर जब कांग्रेसी नेता खाली हुए उन्होंने रेलवे स्टेशन के समाने जाकर फोटोग्राफी कराई और जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ने एक बयान जारी कर दिया की उन्हे उनके साथियों को रेलवे स्टेशन के अंदर रेलवे सुरक्षा बल ने नहीं जाने दिया और बाहर ही उनका आंदोलन संपन्न हुआ। कहा जाए तो वहां आहवान को मजाक बना दिया गया और वहां जन्मदिवस की बधाई और शाम को आयोजन जन्मदिन को लेकर ही चर्चा होती रही जो देखने को मिला।जिलाध्यक्ष ने यह भी वहां कहा की मनेंद्रगढ़ में एक दो ट्रेन ही आती है और अब ऐसे में कैसे वह किस ट्रेन को रोकें।

## कका बाबा का भ्रष्ट राज होगा खत्म,सरगुजा संभाग की सभी सीटों पर जीत करेंगे दर्जः विजय बघेल

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

12 सितंबर को कोरिया दौरे पर पहुंचे भाजपा के दुर्ग सांसद व घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल का भाजपा कार्यालय में भाजपाइयों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।मंच से भाजपा सांसद ने राज्य की भूपेश सरकार पर जमकर हल्ला बोला।विजय बघेल ने संविदा कर्मचारी,मितानिन,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के जनप्रतिनिधि मंडल व भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की सरकारें रोजगार देने के लिए होती हैं।महिला सशक्तिकरण के लिए होती हैं।15 साल की भाजपा सरकार ने समूहों की महिलाओं को रोजगार दिया,हमने नौकरियां दीं।लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं से रेडी टू ईट छीनकर उसे भी अपने भ्रष्टाचार का हिस्सा बना लिया।उन्होंने कहा की जिस तरह राज्य भर में संविदा कर्मचारियों के हक हड़पने का कार्य किया गया है भूपेश बघेल इस तानाशाही राज को जनता जान चुकी है।कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल ने अवगत कराया की जिस कांग्रेस सरकार के घोषणा पत्र में शराबबंदी जैसी बातें दर्ज थी शराबबंदी छोड़िए उनके आबकारी मंत्री अपने क्षेत्र में फ्री सेल शराब की बात करते हैं।आपको बता दें की कोरिया भाजपा मंच से बात रखते हुए कहा की पाटन विधानसभा क्षेत्र से विजय बघेल नही बल्कि पाटन की आम जनता चुनाव लडेगी और जबसे मुझे पाटन से प्रत्याशी घोषित किया गया है।तबसे खुद को कका जैसे शब्द से संबोधित करवाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी जमीन तलाशने में लग गए हैं।उन्होंने कहा की अगर भूपेश बघेल जनता के लिए काम किए हैं तो पाटन से चुनाव लड़ें और नया स्थान क्यूं तलाश रहे हैं।भाजपा जन घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने कहा की राज्य के कांग्रेस सरकार के लोक लुभावन घोषणा पत्र की कलई खुल चुकी है।इस बार जनता



इनके छलावा अभियान का हिस्सा नहीं बनेगी।इसी तारतम्य में जन घोषणा पत्र के लिए सार्वजनिक सुझाव पर चर्चा करते हुए बताया की भाजपा का घोषणा पत्र आम जन के सुझाव पर तैयार होगा और उनका पालन भी निष्ठा पूर्वक जनहित समाज हित में होगा उन्होंने आमजन से सुझाव की अपील करते हुए उपस्थित संविदा कर्मचारियों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समूह की महिलाओं सहित आमजन और भाजपाइयों से उनका सुझाव पत्र लिया तत्पश्चात भरतपुर सोनहत विधानसभा बैठक के लिए प्रस्थान किए।भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में सांसद विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े, भरतपुर सोनहत विधानसभा की पूर्व विधायक व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले,भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण राजवाड़े, देवेंद्र तिवारी, शैलेश शिवहरे,जिला महामंत्री विनोद साहू, भाजपा प्रवक्ता विमल गुप्ता,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य सुनीता कुर्रे, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह सहित सभी मंडलों शक्तिकेंद्रो,प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनघोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक सांसद विजय बघेल पहुंचे थे सोनहत्त, कहा खुद को कका बताने वाले भूपेश पाटन छोड़ दुसरी जमीन क्यों तलाश रहे?

### कांग्रेस नेता सहित दो दर्जन लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

-संवाददाता-
भरतपुर सोनहत,15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मंगलवार को कोरिया दौरे पर पहुंचे भाजपा के दुर्ग सांसद व घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल का भरतपुर सोनहत विधानसभा के सोनहत मण्डल में प्रथम आगमन पर सर्वप्रथम थाने के समीप ढ़ोल नगाड़े, पटाखों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल के लगभग सौ मीटर दुर स्वागत पश्चात पैदल चलकर श्री बघेल सामुदायिक भवन पहुंचे जहां महिला मोर्चा के द्वारा तिलक लगाकर जोरदार स्वागत किया गया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंच से भाजपा सांसद ने राज्य की भूपेश सरकार पर जमकर हल्ला बोला। विजय बघेल ने संविदा कर्मचारी, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के जनप्रतिनिधि मंडल व भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की सरकारें रोजगार देने के लिए होती हैं।महिला सशक्तिकरण के लिए होती हैं।15 साल की भाजपा सरकार ने समूहों की महिलाओं को रोजगार दिया,हमने नौकरियां दीं।लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं से रेडी टू ईट छीनकर उसे भी अपने भ्रष्टाचार का हिस्सा बना लिया।उन्होंने कहा की जिस तरह राज्य भर में संविदा कर्मचारियों के हक हड़पने का कार्य किया गया है भूपेश बघेल इस तानाशाही राज को



जनता जान चुकी है।कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय बघेल ने अवगत कराया की जिस कांग्रेस सरकार के घोषणा पत्र में शराबबंदी जैसी बातें दर्ज थी शराबबंदी छोड़िए उनके आबकारी मंत्री अपने क्षेत्र में फ्री सेल शराब की बात करते हैं।आपको बता दें की कोरिया भाजपा मंच से बात रखते हुए कहा की पाटन विधानसभा क्षेत्र से विजय बघेल नही बल्कि पाटन की आम जनता चुनाव लडेगी और जबसे मुझे पाटन से प्रत्याशी घोषित किया गया है।तब से खुद को कका जैसे शब्द से संबोधित करवाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी जमीन तलाशने में लग गए हैं।उन्होंने कहा की अगर भूपेश बघेल जनता के लिए काम किए हैं तो पाटन से चुनाव लड़ें और नया स्थान क्यूं तलाश रहे हैं।भाजपा जन घोषणा पत्र समिति के प्रदेश संयोजक विजय बघेल ने कहा की राज्य के कांग्रेस सरकार के लोक लुभावन घोषणा पत्र की कलई खुल चुकी है।इस बार जनता इनके छलावा अभियान का हिस्सा नहीं बनेगी।सामुदायिक भवन में आयोजित बैठक में सांसद विजय बघेल, के साथ भाजपा जिला कोरिया अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,पूर्व मंत्री भईया लाल राजवाड़े,भरतपुर सोनहत पूर्व विधायक चंपा देवी पावले, एमसीबी जिलामहामंत्री विरेंद्र राणा लखनलाल श्रीवास्तव, भाजपा जिला मंत्री नवरत्न पांडे दृगपाल सिंह अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रताप मरावी रविशंकर सिंह वरिष्ठ नेता सुभाष जायसवाल लालमन नेताम व भाजपा मण्डल सोनहत ईश्वर राजवाड़े तथा अन्य जिला पदाधिकारी मण्डल पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष शक्ति केंद्र व बुथ अध्यक्ष सहित लगभग पांच सौ की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। घोषणा पत्र के लिए सार्वजनिक सुझाव पर चर्चा- श्री बघेल ने जनघोषणा पत्र के विषय पर बताया की भाजपा का घोषणा पत्र आम जन के सुझाव पर तैयार होगा और उनका पालन भी निष्ठा पूर्वक जनहित समाज हित में होगा उन्होंने आमजन से सुझाव की अपील करते हुए उपस्थित संविदा कर्मचारियों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समूह की महिलाओं, व्यापारियों , पत्रकारों, किसानों सहित आमजन और भाजपाइयों से उनका सुझाव पत्र लिया?। कांग्रेस नेता ने किया भाजपा प्रवेश- इस दौरान सांसद बघेल की उपस्थिति में सोनहत ब्लाक के दिग्गज कांग्रेसी नेता मुद्रिका जायसवाल व उनके समर्थकों सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

# क्या कोरिया के एक युवा नेता कांग्रेस पार्टी में जिले के बड़े नेताओं के बीच मनवा रहा है अपना लोहा?

## सुस्त पड़ी पार्टी में जिला स्तर पर जान फूंकने सहित प्रदेश स्तर तक अपनी पहचान बनाने में युवक हो रहा लगातार कामयाब

### युवक की बढ़ती लोकप्रियता उसकी पार्टी के लिए सक्रियता समर्पण उसे क्या कम उम्र में ही पार्टी में दिला सकती है बेहतर जगह?

### विधानसभा बैकुंठपुर से युवक ने भी मांगा है अपने लिए टिकट की है कांग्रेस पार्टी से दावेदारी

### क्या पार्टी नव युवक को प्रत्याशी बनाकर ले सकती है कोई अप्रत्याशित निर्णय?

### नवयुवक युवा कांग्रेस नेता निलेश पाण्डेय अब जिले के अग्रिम पंक्ति के नेता,बड़े बड़ों को छोड़ा उन्होंने पीछे

### उनकी संगठनात्मक कार्यकुशलता ऊपर तक उनकी पहुंच के कायल भी हो रहे हैं जिले के नवयुवक,पार्टी के कार्यकर्ता







-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के एक नवयुवक को लगातार राजनीति में सक्रिय देखा जा रहा है और वह सत्ताधारी दल का आज की स्थिति में सबसे कम उम्र का सबसे आगे बढ़ रहा युवा नेता है, जिसके पीछे उसके समर्थकों की लंबी फौज है जो उसकी एक आवाज पर उसके लिए जी जान से जुटने तैयार हैं और उसके इशारे मात्र पर पार्टी के लिए किसी भी स्तर का मेहनत करने तैयार हैं। नवयुवक युवा नेता का नाम वैसे तो परिचय का मोहताज नहीं है लेकिन फिर भी नाम का उल्लेख जरूरी है और उसका नाम निलेश पाण्डेय है जो आज कोरिया जिले का सबसे तेज तर्रार युवा कांग्रेसी नेता बनकर उभर चुका है, जिसके समाने अब जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी भी बौने नजर आ रहें हैं और उसकी वजह है उसकी पार्टी के लिए कर्मठता पार्टी के लिए समर्पण साथ ही अवसर का लाभ उठाने की अद्भुत कला।

जहां जिन जगहों पर पार्टी के बड़े नेता असफल साबित हो रहे हैं, बड़े राष्ट्रीय नेताओं के सामने बड़े नेता क्रम का इंतजार करते हों वहीं युवा नेता निलेश पाण्डेय अपनी ही गति से आगे बढ़ रहे हैं और वह कहीं भी बिना किसी घबराहट बड़े नेताओं का सामना कर रहे हैं, उनके साथ लगातार नजर आ रहें हैं भले ही बात राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को लेकर की जाए या उनके साथ मेल मुलाकात की भी की जाए, जिले में भी उन्होंने सुस्त पड़ चुकी कांग्रेस पार्टी संगठन में जान फूंक दी है और आज उन्होंने कई अन्य दलों में सेंध लगा कर अपनी लोकप्रियता साबित कर दी है, जो पार्टी के बड़े बड़े नेता यहां तक ही स्वयं विधायक पांच सालो में नहीं कर सकीं वह उसने कर दिखाया। निलेश पाण्डेय ने पार्टी को जिला स्तर पर एक तरह से नई ऊर्जा प्रदान कर दी है और जो देखा भी जा रहा है और अंदर खाने इसको अब बड़े नेता भी स्वीकार कर रहें हैं की निलेश पाण्डेय अब रुकने वाला नहीं है, वह पार्टी में ऊंचा मुकाम हासिल करके रहेगा।

#### प्रदेश प्रभारी के स्वागत में विमानतल पर नीलेश की उपस्थिति यह बताती है,दावेदारी उन्होंने ऐसे ही किसी के समर्थन में वापस लेने मात्र के लिए नहीं की है

निलेश पाण्डेय प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी कुमारी शैलजा के स्वागत में रायपुर विमानतल पर नजर आए,उनकी वहां ऐसे समय में मौजूदगी जब सभी टिकट के दावेदार प्रदेश प्रभारी से मिलने एकबार तरस रहें हैं यह साबित करता है की नीलेश पाण्डेय ने बैकुंठपुर विधानसभा से ऐसे ही दावेदारी नही की है और न ही उनकी मंशा किसी अन्य के समर्थन में फिलहाल नाम वापस लेने की है वह अपनी दावेदारी पक्की कराने में ही लगे हैं और वह पक्की हो न हो फिर भी वह अंतिम प्रयास अपना जारी रखने वाले हैं।

#### पार्टी में उनके सुझावों को भी मानते थे पूर्व जिलाध्यक्ष,कई संगठन की नियुक्तियां नीलेश पाण्डेय की सलाह पर हुईं जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी में

कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष नीलेश पाण्डेय की सलाह भी माना करते थे कई नियुक्तियां उनकी ही देन है जो उनकी सलाह लेकर संगठन स्तर पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने या तो स्वयं की या फिर जहां से होनी थी वहां सुझाव भेजा। कुल मिलाकर वह एक मार्गदर्शक बनकर भी पार्टी को सही और उचित सलाह देते चले आ रहें हैं जो देखने को मिला है। उनके सुझाव पर जो नियुक्तियां पार्टी में हुई हैं वह आज पार्टी के लिए लाभकारी साबित हो रही है जो देखा जा रहा है।

#### वरिष्ठ कांग्रेसी भी मानते हैं नीलेश पाण्डेय का लोहा,आज वरिष्ठ भी उनके पीछे चलकर राजनीति का गुण सीखने कर रहे प्रयास

जिल के कई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आज निलेश पाण्डेय के पीछे चलकर उनके मार्गदर्शन में राजनीति के गुण सिख रहें हैं और उनका अनुसरण कर रहें हैं राजनीति में,वरिष्ठ नेता निलेश पाण्डेय का लोहा मान चुके हैं और वह मानने लगे हैं की नीलेश पाण्डेय निश्चित रूप से एक उम्मीद हैं पार्टी के लिए।नीलेश पाण्डेय की राजनीति वरिष्ठ कांग्रेसियों के लिए प्रेरणा बनी यह बड़ी बात भी है क्योंकि उनकी जितनी उम्र है उतने दिनों से सक्रिय राजनीति में रहकर कांग्रेस पार्टी में वह पहचान कई वरिष्ठ आज तक नहीं बना पाए जो नीलेश पाण्डेय बना चुके हैं।। कई वरिष्ठ आज निलेश पाण्डेय के आगे पीछे इसलिए नजर आ रहे हैं जिससे उनकी भी जान पहचान ऊपर स्तर तक के नेताओं से हो जाए उनका भी कद आगे बढ़ सके।

#### युवाओं को वश में करने की अद्भुत कला है युवा नेता नीलेश पाण्डेय के पास

युवा नेता नीलेश पाण्डेय की यदि बात की जाए तो वह कोरिया जिले के ऐसे युवा नेता हैं जिनके पास युवाओं को वश में करने की अद्भुत कला मौजूद है। निलेश पाण्डेय युवाओं के बीच लोकप्रियता में जिले के इकलौते युवा चेहरा हैं कांग्रेस पार्टी में,वहीं उनकी लोकप्रियता केवल एक जाति समाज या धर्म तक सीमित नहीं है,हर धर्म समाज जाति के युवाओं के लिए आज वह प्रेरणा हैं और युवा उनसे जुड़ने उत्सुक नजर आते हैं।

#### निलेश पाण्डेय ने भी बैकुंठपुर विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी की है...

वर्तमान में निलेश पाण्डेय ने भी बैकुंठपुर विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी की है और वह उम्मीद भी लगाकर बैठे हैं प्रयास भी उनका जारी है अब ऐसे में यदि पार्टी उनको मौका दे देती है तो यह अप्रत्याशित निर्णय होगा पार्टी का जो संभव भी नजर आ रहा है क्योंकि उनकी सक्रियता और उनका आत्मविश्वास यह बतला भी रहा है। हाल ही में सरगुजा संभाग पहुंची संभागीय स्तर पर सामंजस्य बनाने जो महिला प्रभारी पहुंची थीं उन्होंने भी बैकुंठपुर विधानसभा से एकमात्र दावेदार टिकट के जिनकी संख्या 52 थी में से सबसे अधिक समय दिया और उनसे सबसे ज्यादा चर्चा भी उनकी हुई जैसा वहां पहुंचे अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी जिले के बताया। अभी फिर उनकी एक तस्वीर सामने आई है जिसमे वह प्रदेश प्रभारी से विमानतल पर भेंट करते नजर आ रहे हैं उनका स्वागत कर रहें हैं जबकि विमानतल पर बड़े नेताओं राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से मुलाकात और उनके स्वागत का मौका बड़े बड़े नेताओं को नहीं मिलता लेकिन निलेश पाण्डेय ने वह मौका हासिल कर लिया जो उनकी काबिलियत साथ ही उनकी ऊंची पकड़ पार्टी में बतलाता है।

#### बैकुंठपुर विधानसभा से निलेश न घोषित हो जाएं कांग्रेस पार्टी से उम्मीदवार,नजर आ रही है संभावना

बैकुंठपुर विधानसभा अनारक्षित विधानसभा सीट है ,आज तक राष्ट्रीय दलों ने खासकर कांग्रेस पार्टी ने इस विधानसभा से किसी भी अन्य वर्ग के किसी उम्मीदवार को प्रत्याशी नहीं बनाया है सामान्य वर्ग से ही इस विधानसभा से अधिकांश बार कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी यहां से घोषित किया है जिसमे सरगुजा राज परिवार ,कोरिया राज परिवार सहित ब्राह्मण समाज को भी पार्टी ने दो बार मौका दिया है,भाजपा ने भले ही इस सीट पर पिछड़ा वर्ग समाज को मौका दिया है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने सामान्य वर्ग को ही इस सीट का हकदार ज्यादा बार बनाया है भले ही मतदाताओं के हिसाब से सामान्य वर्ग यहां निर्णायक न रहा हो कभी,वैसे इस बार के चुनाव में वर्तमान विधायक का टिकट कट सकता है उनकी लोकप्रियता घटी है ऐसा पार्टी के ही अंदर खाने की चर्चा है और कांग्रेस चूंकि इस सीट पर सामान्य वर्ग से ही उम्मीदवार घोषित करेगी जैसा उसका इतिहास रहा है ऐसे में इस बार सामान्य वर्ग से ब्राह्मण समाज को पार्टी मौका दे सकती है इसकी संभावना ज्यादा है,वहीं निलेश पाण्डेय कांग्रेस पार्टी से बैकुंठपुर विधानसभा से दावेदारी करने वाले सबसे कम उम्र के दावेदार हैं वहीं वह ब्राह्मण समाज से भी हैं जिससे उन्हें टिकट मिल सकता है इसकी संभावना बन रही है। अब यदि ऐसा होता है पार्टी का ऐसा निर्णय आता है तो यह पार्टी के लिए फायदेमंद भी हो सकता है क्योंकि निलेश पाण्डेय युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उनके अंदर युवाओं को अपनी तरफ आकर्षित करने का कौशल भी है। अब देखना है की क्या संभावना निलेश पाण्डेय का दरवाजा खटखटाती है या वह मौका पाने से चूक जाते है।

#### हर जाति, धर्म,समाज में स्वीकार्य हैं नीलेश पाण्डेय, हर वर्ग यहां तक की हर उम्र के लोगों के बीच हैं लोकप्रिय

नीलेश पाण्डेय भले ही सामान्य वर्ग से आते हों,वह ब्राह्मण समाज से आते हों उनकी लोकप्रियता हर जाति धर्म समाज और हर उम्र के लोगों के बीच है और वह यह साबित भी कर चुके हैं,उनके साथ आज सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग समाज,आदिवासी समाज ,अल्पसंख्यक समुदाय खड़ा नजर आता है,वहीं हर उम्र बड़े छोटे सभी उनके कायल हैं,उनसे प्रभावित हैं ऐसे में वह एक तरह से फिलहाल कोरिया कांग्रेस के सबसे युवा और लोकप्रिय नेता हैं।

# भाजपा युवा मोर्चा जिला टीम में संस्कार अग्रवाल को मिली बड़ी जिम्मेदारी

### जिला मंत्री बनने से बढ़ा कद, कहा हर जिम्मेदारी पर उतरूंगा खरा



-संवाददाता-
सूरजपुर, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष रवि भगत के सहमति व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल के अनुशंसा पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष रविन्द्र भारती ने जिला में रिक्त पदों की घोषणा किया है, जिसमें छात्र राजनीति से लेकर युवा राजनीति में भी अपनी सक्रिय कार्यशैली से संगठन में अहम सदस्य बतौर पहचान स्थापित करने वाले संस्कार अग्रवाल को भाजपा युवा मोर्चा जिला टीम में जिला मंत्री का दायित्व सौपते हुएं नियुक्त किया गया है। संस्कार को मिले इस अहम दायित्व पर समर्थको सहित युवा वर्ग में हर्ष व्याप्त है। आपको बताते चले की इससे पूर्व संस्कार भारतीय जनता युवा मोर्चा सूरजपुर में शहर महामंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा( आरईएस) विभाग सूरजपुर जिला के सांसद प्रतिनिधि, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला समिति, जिला मिडिया प्रभारी, नगर मंत्री, नगर उपाध्यक्ष, एसएफडी प्रमुख, महाविद्यालय व विद्यालय प्रमुख के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में जिला अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़, सचिव मारवाड़ी युवा मंच सूरजपुर बतौर अपनी सक्रिय व पूर्ण निष्ठा कार्यशैली से ना केवल सूरजपुर वरन सरगुजा संभाग में युवाओं में लोकप्रिय हैं, इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र हो या सूरजपुर क्षेत्र में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवा छात्रो का अध्ययन कार्य में लगातार हर तरह से सहयोग करके समाज के सभी वर्ग में अपनी पहचान बरकरार रखी है। भाजयुमो संगठन में इस अहम दायित्व के मिलने से चर्चा करनें पर उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास हेतू शिक्षा सबसे अहम माध्यम है, इसके लिए लगातार छात्र संघ के तमाम दायित्व निर्वहन के दरम्यान गांव हो या शहरी क्षेत्रों के युवा भाई-बहनो को प्रेरित करने के साथ ही उनकी जरूरतों पर यथासंभव सहयोग करनें सें सभ्य व विकसित समाज निर्माण की आधारशिला होने के सिद्धांत पर अमल करते हुए कार्यरत हूं, वर्तमान में संगठन द्वारा भाजपा युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी सभी जवाबदेहीता को पूर्ण करने के साथ ही युवाओं को संगठित कर सक्रिय भाजयुमों संगठन के साथ-साथ विचारधारा के प्रसार पर कार्य कर सभी जिम्मेदारीयो पर खरा उतरूंगा।

#### संगठन में संस्कार के पास अतिरिक्त जिम्मेदारियां भी

सूरजपुर जिला मुख्यालय मैं निवासरत युवा नेता संस्कार अग्रवाल ने अपनी कार्य क्षमता और नेतृत्व क्षमता के आधार पर संगठन में अपनी एक अलग अहम पहचान बनाकर भाजपा जिला मीडिया सहप्रभारी, जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया, जिला सहसंयोजक आईटी सेल, भाजयुमो शहर महामंत्री, सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा( आरईएस) विभाग जिला सूरजपुर आदि विभिन्न दायित्वो की जिम्मेदारीयो के कार्यभार का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रखा है जिसका वे सतत पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से संगठन द्वारा दिए जाने वाले सभी कार्यो का बखूबी निर्वहन भी कर रहे हैं।

# पुलिस ने कबाड़ चोर सरगना को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिले के खदानों में चोरी की घटना आम हो चली थी जिसे रोकने पुलिस समय समय पर कार्यवाही कर रही है। खुलेआम कबाड़ चोरी करने में महारात हासिल कबाड़ चोर विशाल बतरा को एसईसीएल के गार्डो और पुलिस की तत्परता से गिरफ्तार किया गया। पूर्व में भी विशाल बतरा खदानों से कोयला, डीज़ल, कबाड़ चोरी का कार्य करता था। जानकारी अनुसार विशाल बतरा एसईसीएल के गार्डो से मिल कर खदानो में चोरी करता था, इसके मुख्य गैस कटर मिस्त्री मोतीलाल निवासी 15 ब्लॉक है द्य दिनांक 13 सितम्बर को एसईसीएल के गार्डो ने बांकीमोंगरा थाना में सूचना दि की विशाल बतरा और अन्य लोग बन्द पड़े खदान से लोहा चोरी कर रहे है। सूचना मिलते ही बांकी मोंगरा पुलिस ने घेराबंदी कर कबाड़ चोरी कर रहे लोगो को हिरासत में ले लिया द्य इनके ऊपर 379, 511, 34 आईपीसी में अपराध पंजीबद्ध किया गया है प्रकरण में तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है जिसमें रज्जे सिंह पिता लखन सिंह उम्र 37 वर्ष सा. बिनौर तालुका सचेड़ी थाना बिनौर जिला जौनपुर, उ. प्र. हा.मु.- धरम सिंह राजपूत का घर ग्राम पंखादफाई थाना बांकी मोगरा जिला कोरबा छ0ग0, विशाल बत्रा पिता प्रहलाद बत्रा उम्र 26 वर्ष सा. पुरानी बस्ती नीम चौक कोरबा थाना कोतवाली कोरबा जिला कोरबा छ.ग, बिष्णुदास महंत पिता रूपदास महंत उम्र 30 वर्ष सा. बालको सेक्टर 4 .नं. 555/553/2 थाना बालको नगर जिला कोरबा छ0ग0 का नाम शामिल है।

# जिला पंचायत की सामान्य सभा में 4.32 करोड़ 97 के विकास कार्यों की कार्ययोजना का हुआ अनुमोदन



-संवाददाता-
कोरबा, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत के सभागार में हुई सामान्य सभा की बैठक में 15 वा वित्त आयोग अनुदान वित्तीय वर्ष 2023 24 हेतु जिला पंचायत की सामान्य सभा के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार 04 विषयों स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा एवं अधोसंरचना अंतर्गत कुल 4 करोड़ 32 लाख 97 हजार रुपए के विकास कार्यों का प्रस्ताव सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।

विश्वदीप सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में हुई सामान्य सभा की बैठक मे पूर्व निर्धारित एजेंडा अनुसार वन मंडल कोरबा एवं कटघोरा, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आदिवासी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने विभागों के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्यों ने जनहित के विषयों पर चर्चा करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अधिकतम ग्रामीणों तक पहुंचाने की बात कही।

सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रीना जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य गणराज सिंह कंवर, प्रेमचंद पटेल, संदीप कंवर, रामनारायण उरैती, श्रीमती गोदावरी राठौर, श्रीमती रामेश्वरी जगत, श्रीमती नीलिमा धृतलहरे,श्रीमती प्रीति कंवर, श्रीमती कमला देवी राठिया,सांसद प्रतिनिधि प्रमोद राठौर,सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे ।

# आवासीय पट्टा पर राजनीति कर रही भाजपा : जयसिंह अग्रवाल



-संवाददाता-
कोरबा, 15 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा विधायक जयसिंह अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया के भाजपा राज्य सरकार पर गरीबों का आवास छीन लेने का आरोप लगाती है, जबकि केंद्र सरकार से राशि नहीं मिलने के कारण आवास योजना लंबित है. उन्होंने बताया कि अब राज्य सरकार ने राशि का आवंटन किया है और आवास योजना का लाभ लोगों को मिल सकेगा द्य उन्होंने बताया के भाजपा आवासीय पट्टा को लेकर राजनीति कर रही है। क्योंकि विगत 15 साल तक प्रदेश में लगातार भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, लेकिन इस अवधि में सरकार ने आवासीय पट्टा देने की कोशिश भी नहीं की द्य राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न प्रक्रियाओं का पालन करने के बाद झुग्गी झोपड़ी के निवासियों को पट्टा वितरित करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद राज्य शासन ने योजना का प्रकाशन राजपत्र मे किया जा चुका है।

पट्टा वितरण को लेकर कई पेचीदगियां थी. इसी वजह से योजना को लागू करने में देर हुई है द्य विभिन्न विभागों से एनओसी लेने के साथ ही सभी प्रक्रिया पूरी करने के बाद योजना को लागू किया गया है द्य प्रत्येक अतिक्रमणकारी को 600 से 800 वर्गफुट आवासीय भूमि का पट्टा दिया जाएगा। राजस्व मंत्री ने बताया कि कोरबा में आवासीय पट्टा के लिए 14 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं. इनमें 2652 आवेदन एस ई सी एल क्षेत्र से है, जिन्हें पट्टा वितरित किया जाएगा. इसके अलावा अन्य औद्योगिक संस्थानों की भूमि और शासकीय नजूल की भूमि का आवासीय पट्टा वितरण करने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है जल्द अन्य सार्वजनिक संस्थानों से पत्राचार कर पट्टे संबंधित आवश्यक कार्य को पूरा कर पट्टा बाकी बचे उचित लोगों को दिया जाएगा। राजस्व सह कोरबा विधायक के इस पहल से सभी झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों में हर्ष व्याप्त होने के साथ साथ जय सिंह अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है।


**कार्यालय सेनानी 12वीं (भा/र) वाहिनी छसबल रामानुजगंज, बलरामपुर**

**सक्षिप्त निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विज्ञिप्त क्रमांक 12वीं बटा./छसबल/रा.गंज/सा.अ./ए/650-ए/2023 दिनांक 14/09/2023

निविदा प्रणाली के तहत श्रेणी डी एवं ऊपर के पंजीकृत ठेकेदारों से उपयुक्त प्रपत्र ए में केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है तथा नियत तिथि को उपस्थिति निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के सक्षम खोले जावेंगें निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00रू0 व कार्यवधि 06 माह वर्षा ऋतु सहित।

निविदा से संबंधित तिथियॉ निम्नानुसार है-
01.आवेदन करने की अंतिम तिथि- दिनांक25.09.2023 अपरान्ह 05:30 बजे तक
02.निविदा प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की तिथि ( दिनांक 29.09.2023 अपरान्ह 05:30 बजे तक)
03.निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि (दिनांक 06.10.2023 अपरान्ह 05:30 बजे तक)
04.निविदा खुलने की तिथि दिनांक 12.10.2023 अपरान्ह 16:00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | लागत | अमानत राशि टीडीआर के रूप में |
|---|---|---|---|
| 1 | इकाई में आर.सीसी हट का निमार्ण कार्य | 3,31,000.00 | 2648.00 |
| 2 | गार्डन में रिटेनिंग वाल भाग-1 (60मी) का निमार्ण कार्य | 4,43,000.00 | 3544.00 |
| 3 | गार्डन में रिटेनिंग वाल भाग-2 (50 मी) का निर्माण कार्य | 3,70,000.00 | 2960.00 |
| 4 | इकाई मे एमटी शाखा में कण्डम स्टोर निर्माण कार्य | 4,86,000.00 | 3888.00 |
| 5 | यूनिट मेस का फ्लोरिंग कार्य | 1,15,000.00 | 920.00 |
| 6 | एनजीओ मेस का रेनोवेशन कार्य | 4,99,000. | 3992.00 |
| 7 | एमटी वाशिंग रम्प से एनजीओ मेस तक 183 मी. नाली निर्माण कार्य। | 816,000.00 | 6528.00 |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अनय जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

जी.नं.-05378/1

सेनानी
12 वीं (भा/र) वाहिनी छसबल
रामानुजगंज,बलरामपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0- 202309021200.../ अ-6/2023-2023

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो0 इमरान कुरैशी आ0 स्व0 अब्दुल जब्बार कुरैशी, साजिया कुरैशी, पति इरफ ान कुरैशी, मो .रेहान कुरैशी, मो.अरमान कुरैशी, हिबा कुरैशी आ0 स्व0 इरफान कुरैशी, निवासी-मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा, छ0ग0 ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया आवेदक एवं अनावेदक के पिता अब्बदुल जब्बार कुरैशी आ0 मो0 सिद्दिकी कुरैशी के स्वामित्व एवं हक की शीट नम्बर-03, मोहल्ला-कौवाडांड़, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1508/1, 1508/2, 1509/1, 1585/6, 1585/7, 1585/9, रकबा $0.04^{1/2}$, $0.04^{1/2}$, 0.11, 0.04, 0.07, $0.05^{1/2}$ एकड़ एवं शीट नम्बर-08,मोहल्ला-न्यू महामाया रोड़, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-2387/8, 2388/11,2387/10, 2388/13, 2388/14 रकबा $0.03^{1/2}$ एकड़ 266, 208, 660, 655 वर्गफिट भूमि है। अब्दुल जब्बार करैशी आ0 मो0 सिद्दीकी कुरैशी की मृत्यु दिनॉक 30/10/2021 आमीना खातुन कुरैशी पति अब्दुल जब्बार कुरैशी की मृत्यु दिनॉक 18/12/2023, इरफ ान कुरैशी की मृत्यु दिनॉक 04/01/2020, को हो गई है। अनावेदक को उनके हक का दुख्तरी प्राप्त हो चुका है, अतः उनका नाम वादभूमि में दर्ज करने की आवश्यकता नहीं है। अतः भूधारक की मृत्यु होने के कारण उनका नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने बावत् आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/10/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।आज दिनांक 14/09/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर


CMYK

# पाकिस्तान को हराकर श्रीलंका शान से फाइनल में

## कुसाल मेंडिस के अर्धशतक और चरिथ असलंका की प्रतिकूल प्रतिस्थितियों में धैर्यपूर्ण पारी से श्रीलंका ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराया

**कोलंबो,15 सितंबर 2023।** कुसाल मेंडिस के अर्धशतक के बाद चरिथ असलंका की प्रतिकूल प्रतिस्थितियों में धैर्यपूर्ण पारी से श्रीलंका ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के वर्षा से प्रभावित सुपर चार चरण के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत दो विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना रविवार को भारत से होगा।

पाकिस्तान के 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने मेंडिस की 87 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से 91 रन की पारी और समरविक्रम (48) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 100 रन की साझेदारी से अंतिम गेंद पर आठ विकेट पर 252 रन बनाकर जीत दर्ज की। असलंका ने 47 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से नाबाद 49 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने इससे पहले 73 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों से नाबाद 86 की पारी खेलने के अलावा इफ्तिखार अहमद (47 रन, 40 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 108 रन जोड़कर पाकिस्तान का स्कोर सात विकेट पर 252 रन तक पहुंचाया। इन दोनों की साझेदारी से पाकिस्तान अंतिम 10 ओवर में 102 रन जोड़ने में सफल रहा। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने भी शीर्ष क्रम में 69 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 52 रन बनाए।

बारिश के कारण मैच की शुरुआत में ही विलंब हुआ जिसके कारण इसे 45 ओवर का कर दिया गया। मैच के बीच में दोबारा बारिश आई जिसके कारण मैच में ओवरों की संख्या फिर घटाकर 42 कर दी गई। श्रीलंका को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 252 रन का लक्ष्य मिला। श्रीलंका की तरफ से मथीसा पथिराना सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 65 रन देकर तीन विकेट चटकाए। प्रमोद मदुसान ने 58 रन पर दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका के लिए कुसाल परेरा (17) ने तीखे तेवर देखाए। उन्होंने शाहीन शाह अफरीदी (52 रन पर दो विकेट) के दो ओवर में तीन चौके मारे लेकिन इसके बाद तेज रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। निसांका और कुसाल मेंडिस ने इसके बाद मोर्चा संभाला। निसांका ने जमान पर लगातार दो चौके मारने के बाद मोहम्मद वसीम का स्वागत भी लगातार दो चौकों के साथ किया।

मेंडिस ने भी शाहीन पर दो चौके जड़े। श्रीलंका के रनों का अर्धशतक आठवें ओवर में पूरा हुआ।

### एशिया कप फाइनल में श्रीलंका अब टीम इंडिया से होगी भिड़ंत




लेग स्पिनर शादाब खान ने निसांका का अपनी ही गेंद पर कैच लपककर इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने 29 रन बनाए।

मेंडिस को इसके बाद सदीरा समरविक्रम के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। समरविक्रम ने 18वें ओवर में शादाब पर दो चौकों के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया जबकि मेंडिस ने भी इस ओवर में चौका जड़ा।

दोनों ने स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और खराब गेंद को सबक भी सिखाया। मेंडिस ने मोहम्मद वसीम की गेंद पर दो रन के साथ 47 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

श्रीलंका को अंतिम 15 ओवर में जीत के लिए 92 रन की जरूरत थी।

समरविक्रम ने इफ्तिखार (50 रन पर तीन विकेट) पर दो रन से मेंडिस के साथ शतकीय साझेदारी पूरी की लेकिन अगली गेंद पर रिजवान के हाथों स्टंप हो गए। उन्होंने 51 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। मेंडिस ने जमान पर चौका मारा जबकि चरिथ असलंका ने इफ्तिखार पर छक्के के साथ अपने तेवर दिखाए।

मेंडिस ने इफ्तिखार पर छक्के के साथ रनों को गेंद की संख्या से कम किया। वह हालांकि इस स्पिनर के अगले ओवर में गेंद को हवा में लहराकर मोहम्मद हारिस को कैच दे बैठे।

श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 33 रन की दरकार थी। इफ्तिखार ने कप्तान दासुन शनाका (02) को नवाज के हाथों कैच कराके श्रीलंका की मुसबीत बढ़ाई। असलंका ने शाहीन पर चौके के साथ गेंद और रन के बीच के अंतर को कम किया और फिर जमान की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। श्रीलंका को अब अंतिम दो ओवर में 12 रन की जरूरत थी। शाहीन की फुलटॉस को धनंजय डिसिल्वा (05) लांग ऑन पर वसीम के हाथों में खेल गए जबकि अगली गेंद पर दुनिथ वेलालागे (00) ने विकेटकीपर रिजवान को कैच थमाया।

जमान के अंतिम ओवर में श्रीलंका को आठ रन की जरूरत थी। शुरुआती तीन गेंद पर सिर्फ दो रन बने जबकि चौथी गेंद पर मदुसान रनआउट हो गए। पांचवीं गेंद असलंका के बल्ले का किनारा लेकर स्लिप क्षेत्र से चार रन के लिए चली गई।

जमान की अंतिम गेंद पर असलंका ने दो रन के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने वाले पाकिस्तान ने पांचवें ओवर में ही फखर जमां (04) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मदुसान ने बोल्ड किया। शफीक और कप्तान बाबर आजम (29) ने दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर पारी को संभाला। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 40 रन तक पहुंचाया। शफीक ने दुनिथ वेलालागे पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर पथिराना पर चौके के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

बाबर ने श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और पथिराना पर चौके मारे लेकिन भारत के खिलाफ पिछले मैच में पांच विकेट चटकाने वाले वेलालागे ने उन्हें विकेटकीपर मेंडिस के हाथों स्टंप करा दिया।

शफीक ने धनंजय डिसिल्वा पर छक्का और एक रन के साथ 65 गेंद में करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में पथिराना की गेंद को हवा में लहराकर डीप स्क्वायर लेग पर मुदसान को कैच दे बैठे। उन्होंने अपनी पारी में 69 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और दो छक्के मारे।

पथिराना ने अगले ओवर में मोहम्मद हारिस (03) का कैच लपककर 24वें ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 108 रन किया। ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा ने मोहम्मद नवाज (12) को बोल्ड करके पाकिस्तान को पांचवा झटका दिया।

नवाज के 28वें ओवर में आउट होते ही बारिश आ गई और खेल दोबारा शुरू होने पर मैच को 42 ओवर का कर दिया गया।

इफ्तिखार ने वेलालागे पर चौके के साथ 32वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। रिजवान और इफ्तिखार दोनों ने अगले ओवर में मदुसान पर छक्के जड़े। रिजवान ने अगले ओवर में वेलालागे पर छक्के और चौके के साथ 48 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रिजवान और इफ्तिखार ने अंतिम ओवरों में तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



# भारत वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा

### भारत (116) से दो अंक ऊपर आस्ट्रेलिया अब शीर्ष पर है

### पाकिस्तान नंबर एक से खिसका

**दुबई,15 सितंबर 2023।** एशिया कप फाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है जबकि टूर्नामेंट से बाहर हुए पाकिस्तान ने शीर्ष रैंकिंग गंवा दी है ।

बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम सुपर फोर मुकाबले में आखिरी गेंद पर श्रीलंका से हार गई । लगातार दो हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर होने के साथ ही वह आईसीसी रैंकिंग में दो पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गई ।

भारत (116) से दो अंक ऊपर आस्ट्रेलिया अब शीर्ष पर है । भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला विश्व कप से पहले 22 सितंबर से शुरू होगी । दोनों की टक्कर विश्व कप में आठ अक्टूबर को चेन्नई में होगी ।

भारत और श्रीलंका रविवार को एशिया कप फाइनल खेलेंगे ।

# विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए नसीम की उपलब्धता पर संदेह

**कोलंबो,15 सितंबर 2023।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में आगामी विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह के समय पर ठीक होने की संभावना पर संदेह जताया है।

कप्तान ने हालांकि कहा कि उनके शीर्ष तेज गेंदबाज हारिस रऊफ मांसपेशियों की खिंचाव से 'अच्छे से उबर रहे है' और वह छह अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ टीम के विश्व कप के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगे।

एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान यह दोनों तेज गेंदबाज चोटिल हो गये थे। गुरुवार को टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मैदान में उतरी थी तो ये दोनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में बैठे थे। पाकिस्तान कोलंबो में सुपर फोर चरण के इस मैच में श्रीलंका से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

नसीम को दांये कंधे में चोट लगी है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके रिहैबिलिटेशन को लेकर कोई आधिकारिक समयसीमा जारी नहीं



की है जिसके कारण बाबर ने विश्व कप के शुरुआती मैचों में उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता व्यक्त की है।

बाबर ने श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद कहा, '' इस बारे में मैं आपको बाद में बताउंगा। हारिस रऊफ की स्थिति उतनी बुरी नहीं है। उसके मांसपेशियों में खिंचाव है लेकिन वह विश्व कप से पहले इस चोट से उबर जायेगा।''

उन्होंने कहा, '' नसीम शाह भी चोट से उबर रहे है। वे कुछ मैचों के लिए उपलब्ध नहीं है। मुझे अभी चोट की गंभीरता और इससे उबरने की समयसीमा के बारे में पता नहीं है। नसीब विश्व के बाद के मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। देखते है क्या होता है।''

नसीम का चोट से पुराना नाता रहा है। वह जब 17 साल के थे तब भी पीठ की चोट के कारण 14 महीने तक खेल से दूर रहे थे। इस चोट से उबरने के बाद काउंटी टीम ग्लूस्टरशर के खिलाफ खेलते हुए वह दोबारा चोटिल हो गये थे।

करियर की शुरुआत में नसीम को टेस्ट विशेषज्ञ गेंदबाज के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन जल्द ही उन्होंने खुद को तीनों प्रारूप में साबित किया और पाकिस्तान के मुख्य तेज गेंदबाज के तौर पर उभर गये।

एकदिवसीय में उनके नाम 14 मैचों में महज 17 के औसत से 32 विकेट है।

विश्व कप से पहले पाकिस्तान को अब न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (तीन अक्टूबर) के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है।

# मोरक्को के खिलाफ डेविस कप में भारत का पलड़ा भारी

**लखनऊ,15 सितंबर 2023।** मोरक्को के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रूप दो का मुकाबला भारत के लिए मुश्किल नहीं होगा लेकिन यह खास इसलिये है क्योंकि करीब 21 साल बाद रोहन बोपन्ना के डेविस कप कैरियर पर विराम लगने जा रहा है । पिछले कुछ साल में एटीपी सर्किट पर बड़े खिलाड़ियों को चुनौती देने वाले एकल खिलाड़ियों के अभाव और जीते जा सकने वाले मैचों में मिली हार से भारतीय डेविस कप टीम का प्रदर्शन काफी प्रभावित हुआ है। फरवरी में टीम विश्व ग्रूप दो में खिसक गई जो अब तक नहीं हुआ था। नया प्रारूप 2019 में लांच होने के बाद से यह पहली बार है कि भारतीय टीम इस स्तर पर गिरी है। भारत पिछली बार मार्च में डेविस कप मुकाबले में डेनमार्क से 2 . 3 से हार गया था।

इस सत्र में भारतीय टेनिस ने कोई यादगार पल नहीं देखे लेकिन पिछले सप्ताह बोपन्ना अमेरिकी ओपन पुरूष युगल के फाइनल में पहुंचे। युकी भांबरी ने एकल खेलना छोड़ दिया है जबकि रामकुमार रामनाथन शीर्ष 550 से भी बाहर हो गए हैं । इस सत्र में अलग अलग टूर्नामेंटों में रामनाथन 17 बार पहले दौर से बाहर हो गए। यही वजह है कि कप्तान रोहित राजपाल ने उन्हें टीम में नहीं लिया। हालांकि वह अभ्यास में मदद के लिये टीम का हिस्सा हैं ।



बोपन्ना 43 वर्ष की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके स्ट्रोक्स में अभी भी धार है और वह जबर्दस्त विनर लगा रहे हैं। उनकी इच्छा को देखते हुए विदाई मैच उनके शहर बेंगलुरू में खेला जाता तो बेहतर रहता।

लखनऊ में स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1300 है लेकिन बेंगलुरू में 6500 दर्शक बैठ सकते हैं । वर्ष 2002 में पदार्पण के बाद से अब तक खेले गए 32 मैचों में से बोपन्ना ने 22 मैच जीते हैं जिनमें दस एकल हैं। एआईटीए ने बृहस्पतिवार की रात को बोपन्ना का एक विशेष समारोह में अभिनंदन किया । उनके कई दोस्त और परिजन इस मैच को देखने के लिये पहुंचे हैं। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल फॉर्म में हैं। वह आस्ट्रिया में चैलेंजर टूर्नामेंट फाइनल खेलकर आये हैं जो इस सत्र में उनका तीसरा फाइनल था। शशि मुकुंद भारत के लिये पदार्पण करेंगे। उन्हें 2019 में भी पाकिस्तान के खिलाफ टीम में जगह दी गई थी लेकिन चोट के कारण उन्होंने नाम वापिस ले लिया था।

दिग्विजय प्रताप सिंह भी टीम में है जिन्हें औपचारिकता के मैच में उतारा जा सकता है। मोरक्को की टीम में एक ही खिलाड़ी एलियोट बेनचेट्रिट से भारत को चुनौती मिल सकती है। उन्होंने शीर्ष सौ में शामिल खिलाड़ियों को हराया है और ग्रैंडस्लैम भी खेल चुके हैं। मोरक्को के दूसरे एकल खिलाड़ी 20 वर्ष के यासिन डी हैं जो रैंकिंग में 557वें स्थान पर हैं। एडम मूंडिर 779वें स्थान पर हैं जबकि वालिद अहूडा और यूनिस लालामी तो शीर्ष 1000 में भी नहीं हैं।

# भारत के खिलाफ हार से उबर नहीं पाई है पाकिस्तान की टीम

**लाहौर,15 सितंबर 2023।** पाकिस्तान की टीम एशिया कप 2023 से बाहर हो गई है। श्रीलंका के खिलाफ बेहद रोमांचक मैच में हारने के बाद पाकिस्तान की टीम का एशिया कप से पत्ता कट गया है। विश्व कप 2023 से कुछ ही दिनों पहले मिली इस हार से बाबर आजम की टीम को बड़ा झटका लगा है। इसी बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों रमीज राजा, शोएब अख्तर, राशिद लतीफ और कामरान अकमल ने मौजूदा एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ दो विकेट से हार के बाद पाकिस्तान के टीम चयन और बाबर आजम की कप्तानी पर सवाल उठाने लगे है। पूर्व कप्तान और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख रमीज राजा ने कहा कि पाकिस्तानी टीम डरी हुई लग रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की टीम अब तक भारत से मिली हार से उबर नहीं सकी है। उन्होंने कहा कि भारत से पाकिस्तान को जो बड़ी हार मिली है उससे टीम को बड़ा झटका लगा है। इस हार का झटका लेकर ही श्रीलंका के खिलाफ भी टीम खेली जो मैदान पर उनके प्रदर्शन में दिखा।



# एशियन गेम्स हैंगझोउ 2023 के लिए खेल मंत्रालय ने किया बड़ा बदलाव

**» टीम में शामिल किए 22 नए खिलाड़ी**

**नयी दिल्ली,15 सितंबर 2023।** खेल मंत्रालय ने आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल की एक संशोधित सूची साझा की जिसमें 22 नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया और 25 लोगों को बदला गया है जिसमें एथलीट, कोच और सहायक स्टाफ शामिल है। मॉडर्न पेंटाथलन को भी सूची में जोड़ा गया जिससे भारत इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 39 खेलों में चुनौती पेश करेगा। चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में भारत के 655 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि उनके साथ 260 कोच और सहायक स्टाफ जाएगा। निशानेबाजी में भारत ने मनीषा कीर, प्रीति रजक और अंगद वीर सिंह बाजवा को टीम में शामिल किया है जबकि



एथलेटिक्स में अमलान बोरगोहेन, प्रीति और प्राची को टीम में जगह मिली है। जू-जित्सु खेल में अन्वेषा देब, निकिता चौधरी, उमा महेश्वर, कमल सिंह और तरूण यादव शामिल हुए हैं। जान्हवी चौधरी को एक्वाटिक्स जबकि सूरज यादव को वुशु में जोड़ा गया है। मयंक चाफेकर मॉर्डन पेंटाथलन में एकमात्र एथलीट होंगे। विशाल रुहिल, केशव, सुचिका तरियाल और ज्योति टोकस कुराश में चार अतिरिक्त खिलाड़ी हैं।

पुरुषों की टीम परस्यूट साइकिलिंग में वेंकप्पा शिवप्पा केंगलगुट्टी, नीरज कुमार, मंजीत कुमार और दिनेश कुमार के रूप में चार और खिलाड़ी होंगे। इंडोनेशिया में 2018 में आयोजित पिछले एशियाई खेलों से जेब खर्चे के भत्ते में कोई बदलाव नहीं हुआ है और मंत्रालय ने प्रति दिन 50 अमेरिकी डॉलर के भत्ते की घोषणा की है। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''दल के सदस्यों को प्रति दिन 50 अमेरिकी डॉलर की दर से भत्ता दिया जाएगा जिसे भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा सीधे खिलाड़ियों और अधिकारियों के बैंक खाते में भेजा जाएगा।

## भारतीय स्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा का बड़ा बयान

# टूर्नामेंट में उठाएंगी अपने अनुभव का लाभ

**चेन्नई,15 सितंबर 2023।** जोशना चिनप्पा को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में महाद्वीप में स्क्वाश के स्तर में सुधार हुआ है और उन्हें आगामी एशियाई खेलों में अपने विरोधियों को हराने के लिए अपने ज्ञान और अनुभव का फायदा उठाने की उम्मीद है। पिछले खेलों में महिला एकल में कांस्य और टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली 36 वर्षीय जोशना 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में केवल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में भाग लेंगी।




आठ बार की विश्व चैंपियन मलेशिया की निकोल डेविड के अब प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बावजूद जोशना को लगता है कि खेल आसान नहीं होंगे। जोशना ने यहां इंडियन स्क्वाश अकादमी में मीडिया से बात करते हुए कहा, ''निकोल ने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा। लेकिन एशियाई स्क्वाश की गुणवत्ता पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है और यह पहले दौर से ही कठिन होने जा रहा है। आप किसी को भी हल्के में नहीं ले सकते।''

उन्होंने कहा, ''जाहिर तौर पर इस स्तर पर खेलना आसान नहीं है। लेकिन मेरे पास भी काफी ज्ञान और अनुभव है और उम्मीद है कि मैं खेलों में उस पर भरोसा कर सकती हूं।''

जोशना ने कहा, ''इस स्तर पर, मैं किसी से भी खेलने के लिए तैयार हूं, क्योंकि इस स्तर पर आपको किसी से भी भिड़ने के लिए तैयार रहना होगा।''

स्क्वाश ओलंपिक का हिस्सा नहीं है और जोशना ने कहा कि एशियाई खेलों में पदक जीतना उनके लिए हमेशा विशेष होता है, खासकर जब वह उच्चतम स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

# महाराजा से विजय सेतुपति का खतरनाक फर्स्ट लुक पोस्टर जारी

जवान की सफलता के बीच विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म महाराजा का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें अभिनेता का खतरनाक अंदाज रोंगटे खड़े करने वाला है।

विजय सेतुपति ने अपनी 50वीं फिल्म के लिए निर्देशक निथिलन स्वामीनाथन के साथ हाथ मिलाया है। इस अपकमिंग क्राइम-थ्रिलर का नाम महाराजा रखा गया है।




इन दिनों विजय अपनी हालिया रिलीज फिल्म जवान से लोगों का दिल जीत रहे हैं। वहीं, अब महाराजा के फिल्ममेकर ने भी विजय की पॉपुलैरिटी को भुनाने की ठान ली है। अपकमिंग मूवी से एक्टर का फर्ल्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसमें अभिनेता बेहद खतरनाक नजर आ रहे हैं। महाराजा के फर्स्ट लुक पोस्टर में विजय सेतुपति को कसाई का चाकू पकड़े सलूर कुर्सी पर बैठे देखा जा सकता है। वहीं, अभिनेता के शरीर पर खून के धब्बे और बैकग्राउंड में खड़े पुलिस अधिकारी फिल्म के बारे में कुछ गंभीर कहानी का संकेत दे रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह विजय सेतुपति की एक और बहुमुखी भूमिका होगी, जिसे देखने में दर्शकों को काफी मजा आएगा। विजय सेतुपति के साथ महाराजा में अनुराग कश्यप, ममता मोहनदास और नट्टी नटराज भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# अक्षय की फिल्म मिशन रानीगंज में दिखेगा कमाल का वीएफएक्स

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। मिशन रानीगंज उन्हीं फिल्मों में शुमार है। पिछले कुछ दिनों से उनकी यह फिल्म लगातार चर्चा में है।फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अक्षय चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल का किरदार निभाते नजर आएंगे। अब खबर है कि इस फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स देखने को मिलेगा, जो फिल्म देखने के अनुभव को और खास बना देगा।आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह फिल्म वीएफएक्स से लबरेज होगी। इससे दृश्य और प्रभावी हो जाएंगे। अक्षय की पिछली फिल्मों हाउसफुल 4 और 2.ह्र की तरह ही इसका वीएफएक्स होने वाला है।फिल्म में तकरीबन 1300 वीएफएक्स शॉट्स हैं। बीते ढाई महीनों से निर्माता कई कंपनियों से इसके वीएफएक्स और कंप्यूटर ग्राफिक्स पर काम करवा रहे हैं। इन कंपनियों को काम खत्म करने के लिए 22 सितंबर की आखिरी तारीख दी गई है।सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का कुल 45 मिनट का फुटेज करीब ढाई महीने पहले ही वीएफएक्स कंपनियों के पास आ गया था। इसकी शूटिंग पिछले साल ही पूरी हो चुकी थी।इस पर 6-8 करोड़ के आस-पास खर्च आया है। फिल्म का काम कैसा चल रहा है, यह देखने के लिए निर्देशक टीनू सुरेश देसाई और निर्माता जैकी भगनानी बीच-बीच में वीएफएक्स कंपनी का दौरा करते रहते हैं।फिल्म में कोयले की खदान को कंप्यूटर ग्राफिक्स के जरिए दिखाया जाएगा।




वीएफएक्स का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है। 22 सितंबर तक इसकी एडिटिंग और कलरिंग का काम पूरा किया जाना है, क्योंकि 6 अक्टूबर को फिल्म रिलीज होनी है। निर्माताओं ने करीब 1300 शॉट्स लिए थे, जिसमें अक्षय को दाढ़ी वाले लुक में दिखाना था। वह पूरी फिल्म में इसी लुक में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने अभी 900 शॉट्स फाइनल किए हैं।फिल्म मिशन रानीगंज- द ग्रेट भारत रेस्क्यू का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था। फिल्म 13 नवंबर 1989 को रानीगंज कोल फील्ड (पश्चिम बंगाल) में खदान ढहने और बाढ़ आने की सच्ची घटना पर आधारित है। इस हादसे में मजदूरों का समूह जमीन से 350 फीट नीचे खदान में फंस गया था।उस वक्त जसवंत सिंह खदान में इंजीनियर थे। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर कोयला खदान के 65 मजदूरों की जान बचाई थी।जसवंत को इस बहादुरी के लिए भारत सरकार की ओर से सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से नवाजा गया था।

अक्षय ने अपने करियर में रुस्तम, एयरलिफ्ट, पैडमैन और केसरी जैसी कई फिल्मों में असल जिंदगी के नायकों की भूमिका निभाई। वह केसरी, सिंह इज किंग और सिंह इज ब्लिंग जैसी तमाम फिल्मों में पगड़ी पहने दिख चुके हैं। उन पर पगड़ी जंची भी है।




# फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली का ट्रेलर जारी

अभिनेता विक्की कौशल को पिछली बार सारा अली खान के साथ फिल्म जरा हटके जरा बचके में देखा गया था। आने वाले दिनों में वह कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। उन्हीं में से एक है फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली, जिससे जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार किया जा रहा था, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।

जैसे कि इसके नाम से ही जाहिर होता है कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। ट्रेलर सामने आने के बाद इतना तो साफ हो गया है कि फिल्म कामेडी और इमोशन से भरपूर होने वाली है। इसकी कहानी परिवार के अटूट रिश्ते पर आधारित है।फिल्म विक्की के किरदार वेद व्यास त्रिपाठी उर्फ भजन कुमार और उनके अतरंगी परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में मानुषी छिल्लर की झलक भी देखने को मिली, लेकिन इसके आकर्षण का केंद्र विक्की हैं।

द ग्रेट इंडियन फैमिली यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी है। फिल्म में विक्की और मानुषी के बीच रोमांस दिखाया जाएगा। इसके अलावा मनोज पाहवा और कुमुद मिश्रा जैसे कलाकार भी इसका हिस्सा हैं।फिल्म का टीजर दर्शकों को बेहद पसंद आया था। विजय कृष्णा आचार्य के निर्देशन में बनी यह फिल्म 22 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इस फिल्म की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार के आसपास घूमती है, जिसमें लड़ाई-झगड़ों के साथ मिल-जुलकर सब काम होते दिखेंगे।

CMYK

# ईडी का रायपुर,भोपाल,मुंबई,कोलकाता में सर्चिंग अभियान



» अब तक 417 करोड़ की संपत्ति हो चुकी है जब्त

रायपुर,15 सितंबर 2023(ए)। ऑनलाइन सट्टा एप मामले में ईडी ने अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव एप सट्टा के मुखिया सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल से संबंधित लोगों पर अपनी पकड़ मजबूत करना शुरू कर दिया है।

इस प्रकरण में पहले से ही पकड़े गए सीबी वर्मा उर्फ चंद्रभूषण वर्मा द्वारा ईडी को दी गई जानकारी के आधार पर रायपुर, भोपाल, मुंबई, कोलकाता में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान सौरभ चंद्राकर के विवाह समारोह में फंडिंग करने वाले लोग भी अब ईडी के शिकंजे में आ गए हैं। ईडी ने अब तक 417 करोड़ रूपए की संपत्ति सीज की है, ये सभी संपत्तियां 39 अलग-अलग स्थानों से जब्त की गई है। जानकारी है कि आरोपी सौरभ चंद्राकर के विवाह में 200 करोड़ रूपए खर्च किया गया था। मेहमानों को लाने व ले जाने के लिए निजी जेट, होटल, महंगे गिफ्ट, वेडिंग प्लान, सजावट आदि पर बड़ी रकम खर्च की गई थी। चर्चा यहां तक है कि इस विवाह समारोह में करीब 112 करोड़ रूपए हवाला के माध्यम से आया था।

### 29 सितंबर तक जेल भेजे गए एएसआई समेत 4 आरोपी

महादेव आनलाइन सट्टा मामले में विशेष कोर्ट ने एएसआई चंद्रभूषण वर्मा समेत चारों को न्यायिक हिरासत 29 तक बढ़ा दी है। सतीश चंद्राकर, अनिल- सुनील दम्मानी को 10 दिनों की न्यायिक हिरासत खत्म होने पर सभी को आज दोपहर पुनः कोर्ट में पेश किया गया। सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट ने सभी को 29 तक जेल भेज दिया। वहीं दम्मानी भाइयों द्वारा प्रस्तुत जमानत याचिका पर 20 को सुनवाई होगी।

इससे पहले इनकी पेशी से पहले ईडी ने एक बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने भोपाल, कोलकाता और मुंबई में बड़ी रेड की है। इन ठिकानों से अब तक 417 करोड़ रूपए नगद सीज किया है।यह रकम महादेव सट्टे से हुई कमाई की मनीलाड्रिंग की गई है। यह जानकारी ईडी ने स्वयं ट्वीट कर दी है ।भोपाल से हमारे सूत्रों ने बताया कि चंद्रभूषण वर्मा से मिली जानकारी के आधार पर रायपुर भोपाल मुंबई कोलकाता में सर्चिंग अभियान चलाया था ।इस दौरान सौरभ चंद्राकर के विवाह समारोह में फंडिंग करने वाले लोग भी शिकंजे में आए हैं । अब तक ₹417 करोड रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की। इसे 39 लोकेशन पर जब्त किया गया है। बताया गया है कि सौरभ चंद्राकर के विवाह पर सौ करोड़ से अधिक खर्च किए गए थे।इसके लिए 112 करोड रुपए हवाला के जरिए भेजे गए थे।

ईडी ने रायपुर और दुर्ग में छापेमारी के दौरान पी एम एल ए के तहत चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी को गिरफ्तार कर 2 बार रिमांड पर लिया था। बीते दस दिनो में ईडी ने सीएम के सलाहकार विनोद वर्मा, उनकी पत्नी, दोनों पुत्रों और बहनोई से पूछताछ की है। इस आधार पर ईडी ने आज एएसआई वर्मा समेत चारों की जमानत पर आपत्ति की।इस बीच ऑनलाइन सट्टा एप के आरोपी संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। दोनों आरोपी इस वक्त विदेश में हैं। वारंट जारी होने के साथ ही उन्हें भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ईडी ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों को भेजी जानकारी है।हालांकि अब तक कहीं से कोई सुराग नहीं मिला है। ईडी ने इंटरपोल की मदद से रेड कार्नर नोटिस जारी करवाने की भी बात कही है।



# गौठान घोटाला करने वाली सरकार को उखाड़ फेंकें

» जशपुर की सभा में गरजे भाजपा अध्यक्ष

» नड्डा को याद आए जूदेव

» स्वर्गीय जूदेव की आत्मा भी चाहती है बीजेपी जीते

» रामकुमार टोप्पो 100 गाड़ियों के काफिले और 1100 समर्थकों के साथ किया भाजपा प्रवेश



जशपुर/रायपुर,15सितंबर 2023(ए)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का जशपुर पुलिस लाईन हैलीपेड में हुआ स्वागत। जशपुर पहुंचकर जे पी नड्डा बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर परिवर्तन रथ यात्रा का शुभारंभ किये।

उनकी अगुआनी बीजेपी नेताओं ने पारंपरिक स्वागत कर किया। सभी भाजपा नेताओं ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जुदेव की प्रतिमा में पुष्पांजलि भी अर्पित किये। सभा स्थल में लोगों का हुजूम था। वहीं बीजेपी प्रवेश करने वालों का भी तांता लगा हुआ था।

जे पी नड्डा ने कहा जूदेव जी की पवित्र आत्मा जहां भी होगी एक ही इच्छा होगी, छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार जरूर बने। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा धर्मलाल कौशिक ने कांग्रेस सरकार का कारगुजारियों को याद दिलाते हुए कहा कि अब समय को उंगली में गिनने का क्षण आ गया है नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, शराब बंदी का वादा क्या वोट और घोषणा पत्र तक ही था।

उन्होंने करप्शन और कमीशन की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभा में मोदी सरकार की योजनाओं को याद दिलाते हुए कोरोना काल में वैक्सीन,सहित आवास योजना व नल जल उज्जवला योजना के लाभ से कोई वंचित ना रहे क्षेत्र एवं प्रदेश के लोग इसके लिए भूपेश सरकार को उखाड़ फेंकने का दमदार संकल्प एवं जोश दिलाया।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, दिग्गज आदिवासी नेता विष्णु देव साय ने कहा कांग्रेस की सरकार 36 में से एक भी वादा पूरा नहीं किया ठगरा भूपेश सरकार का संरक्षण धर्मान्तरण को है।

सीतापुर विधानसभा मे समाज सेवा कर रहे रामकुमार टोप्पो ने आज भाजपा में शामिल होने से पहले शक्ति प्रदर्शन किया। रामकुमार टोप्पो पूर्व सैनिक हैं और राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित हैं। 100 गाड़ियों का काफिला लेकर जशपुर पहुंचे। उन्होंने 1100 समर्थकों के साथ भाजपा प्रवेश किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से मुलाक़ात भी किये।

# गणेश पंडालों में रात 10 बजे के बाद डीजे-धुमाल बजाने पर लगा प्रतिबंध

रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी गणेशोत्सव के दौरान भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना के लिए राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न समितियों द्वारा भव्य एवं आकर्षक पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। समितियों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र और डीजे बजाने की भी तैयारी की जा रही है। इसी बीच गणेशोत्सव समितियों के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जिला प्रशासन ने गणेश पंडालों पर डीजे के उपयोग को लेकर एक गाइड लाइन जारी की है जिसका पालन करना सभी समितियों के लिए अनिवार्य है। दर असल शहर के गणेश पंडालों में रात 10 बजे के बाद डीजे-धुमाल नहीं बजेगा। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों और धुमाल पार्टी-डीजे संचालकों की बैठक ली गई। इस दौरान अधिकारियों ने समिति के पदाधिकारियों को तय समय के बाद पंडालों में डीजे, धुमाल या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं बजाने का निर्देश दिया। इसके अलावा रोड में पूजा-पंडाल व स्वागत द्वार न लगाने, वाहनों की समुचित पार्किंग व्यवस्था कराने, तेज आवाज में लाउडस्पीकर न बजाने कहा गया। बैठक में सभी समितियों को गणेश प्रतिमा का विसर्जन 1 अक्टूबर तक करने कहा गया है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ओर से जारी आदेश के अनुसार ही डीजे-धुमाल का इस्तेमाल करने कहा गया।




# चुनाव से पहले अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ की जनता से किए 10 वादे

जगदलपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही तमाम राजनीतिक पार्टियां घोषणा पत्र के जरिए जनता के बीच जाने के लिए घोषणा पत्र जारी कर रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ जोगी जनता कांग्रेस ने भी घोषणा पत्र जारी कर दी है जिसमें 10 वादे शामिल हैं। जोगी कांग्रेस के अध्यक्ष अमित जोगी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में यदि हमारी सरकार बनती है तो मै 5 सालों में इन वादों को पूरा करूंगा।



अमित जोगी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, मेरी लड़ाई न भाजपा के खिलाफ है और न ही कांग्रेस के खिलाफ है। मेरी लड़ाई सिर्फ और सिर्फ गरीबी के खिलाफ है। यदि सरकार बनती है तो प्रदेश से गरीबी को खत्म करूंगा। पिछले 23 साल में यदि बस्तर को कुछ मिला है तो वो सिर्फ नगरनार स्टील प्लांट। अभी प्लांट पूरी तरह से शुरू नहीं हुआ है, फिर भी कांग्रेस और भाजपा दोनों मिलकर इसे निजी हाथों में बेचने की साजिश रच रहे हैं।

अमित जोगी ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी पत तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टियां दिल्ली से चलती हैं। इनके नेता सीजी को सिर्फ अपना एटीएम समझते हैं। अब सीजी में दिल्ली वाली सरकार नहीं चलेगी। अमित का कहना है कि, पहले बहुत अटकलें चली थी कि हम हमारा कांग्रेस और भाजपा में विलय होने वाला है। पर ऐसा बिल्कुल भी नहीं है।



## जेपी नड्डा के छत्तीसगढ़ दौरे के बीच ये भाजपा पार्षद हुईं कांग्रेस में शामिल

रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। सत्ता की गलियों में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। एक ओर जहां सत्ता वापसी के लिए भाजपा पूरजोर कोशिश कर रही है वहीं कांग्रेस भी कमर कस कर तैयार है। इस बीच नेताओं के दल बदलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच खबर आ रही है कि बीजेपी पार्षद पुष्पा साहू कांग्रेस में शामिल हो गई है। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। बता दें कि आज जशपुर में जेपी नड्डा परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करने पहुंचे हैं इस बीच भाजपा को बड़ा झटका मिला है।

# सीएम अरविंद केजरीवाल का भगवंत मान के साथ आज छत्तीसगढ़ आगमन

### करेंगे 10 वीं गारंटी का एलान

रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियों में घमासान तेज हो गई है। लगातार प्रमुख नेताओं का प्रदेश दौरा चल रहा है। इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल 3 महीने में तीसरी बार प्रदेश के प्रवास में रहेंगे। बता दें कि सीएम अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान 16 सितंबर को जगदलपुर में बड़ी सभा करेंगे। इस दौरान उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान भी साथ रहेंगे। आप पार्टी की नजरें प्रदेश के बस्तर क्षेत्र के आदिवासी सीटों पर टिकी हुई है।

### बस्तर में आम आदमी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे

दोनों नेता जगदलपुर में आमसभा के साथ बस्तर में आम आदमी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। सभा में आदिवासी एवं किसान वर्ग के लिए 10वीं गारंटी का ऐलान किया जा सकता है। बता दें कि इससे पहले 19 अगस्त को आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने छत्तीसगढ़ को 10 गारंटी दी थी। जहां उन्होंने 9 घोषणाओं को विस्तार में बताया था। वहीं इस बात घोषणा की थी कि आदिवासी और किसानों के लिए 10वीं गारंटी होगी, जिसकी पूरी घोषणा में छत्तीसगढ़ में अगली सभा में होगी। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्यशियों को चुनावी मैदान में उतारने का ऐलान किया गया है। लेकिन, पार्टी का फोकस बस्तर संभाग की सीटों पर ज्यादा है। आप के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी भी बस्तर क्षेत्र से आते हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का जगदलपुर दौरा अहम माना जा रहा है।



# 13 खाद्य निरीक्षकों के नियुक्ति आदेश जारी




रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 20 फरवरी 2022 को आयोजित खाद्य निरीक्षक परीक्षा के आधार पर 28 अप्रैल 2022 को जारी मेरिट सूची में चयनित 13 अभ्यर्थियों के नियुक्ति तथा पदस्थापना आदेश आज संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जारी कर दिए गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति निरीक्षक के पद पर, वेतन मेट्रिक्स लेवल 7 (28700-91300) तथा नियमानुसार राज्य शासन द्वारा देय भत्तों पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 वर्ष की परिवीक्षा पर अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक उल्लेखित शर्तों पर नियुक्ति किया जाकर पदस्थापना की गई है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी होने की तारीख से 10 दिवस के भीतर कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि में कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त मान जाएगा।

# डेंगू के इलाज के नाम पर 77 लाख का फर्जीवाड़ा

» 25 अस्पतालों को नोटिस भेज मांगा गया जवाब




रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में डेंगू के इलाज में बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। जिसमें बुखार के 220 मरीजों को डेंगू पीड़ित बताकर भर्ती कर लिया गया था। उसके बाद आयुष्मान योजना के तहत 35-35 हजार के हिसाब से स्वास्थ्य विभाग से 77 लाख का क्लेम मांगा गया।

पिछले महीने प्रदेश में वायरल फीवर फैला हुआ था तब शहर और आउटर के 25 से ज्यादा अस्पतालों में मरीजों को डेंगू पीड़ित बताकर भर्ती कर किया गया था। मरीजों को क्लेम देने के पहले स्वास्थ्य विभाग ने उन अस्पतालों से मरीजों की अलाइजा टेस्ट रिपोर्ट मांगी तब यह फर्जीवाड़ा सामने आया। स्वास्थ्य विभाग को किसी भी नर्सिंग होम के डाक्टरों ने रिपोर्ट नहीं दी। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच करवाई तो पता चला कि 220 में केवल 3 मरीजों का ही एलाइजा टेस्ट करवाया गया है।

### अस्पतालों को महामारी एक्ट के तहत जारी किया नोटिस

उसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से 25 अस्पतालों को महामारी एक्ट के तहत नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस एक्ट के तहत गलत जानकारी देने या बीमारी को लेकर लापरवाही बरतने में एक माह तक की सजा का प्रावधान है। नोटिस में पूछा है कि उनकी ओर से मरीज को डेंगू की पुष्टि के लिए कौन सी जांच करवाई गई। शक है कि केवल क्लेम पाने के लिए साधारण बुखार के मरीजों को गलत जानकारी देकर भर्ती कर लिया गया।

### डेंगू पीड़ितों के लिए एलाइजा टेस्ट जरूरी

गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की डेंगू को लेकर स्पष्ट गाइड लाइन है। उसके तहत एलाइजा टेस्ट के बिना किसी भी मरीज को डेंगू पीड़ि?त नहीं माना जा सकता। मरीज में डेंगू के ?लक्षण देखकर उसी गाइड लाइन से इलाज को शुरू करना है, लेकिन इसी दौरान वायरोलॉजी लैब में एलाइजा टेस्ट करवाना जरूरी है। प्राइवेट नर्सिंग होम के संचालकों ने इसका पालन नहीं किया है।

# गर्लफ्रेंड बनो नहीं तो,अधिकारी ने दी धमकी

» महिला कर्मचारी को धमकी देने वाला नोडल अधिकारी हटाए गए

भिलाई,15 सितम्बर 2023(ए)। सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ डीएमएफ नोडल डॉ. एसके जामगड़े पर महिला सहकर्मी ने स्वयं के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीएमएचओ को दिए गए आवेदन में बताया कि 13 सितंबर को डॉ. जामगड़े उसे अपने कक्ष में बुलाकर अपनी गर्ल फ्रेंड बनने का दबाव बनाए। पूर्व में भी कार्यालयीन पत्रों पर हस्ताक्षर कराने जब-जब वह उनके पास जाती रही, डॉ. जामगड़े उसे देखने के बाद स्वयं को कुछ-कुछ होना बोलते रहे। उनकी हरकतों से परेशान होकर 13 सितंबर की दोपहर बाद वह कार्यालय से घर निकल रही थी, तो उसे रोक कर उन्होंने अपने कृत्यों की माफी मांगी। जबकि इस मामले में डॉ. जामगड़े ने महिला सहकर्मी के आरोपों को निराधार बताया है।

उन्होंने कहा कि वह महिला कर्मी को अपने कक्ष में बुलाकर पटल बदलने और नया पदभार लेने के बारे में ही पूछताछ किए थे। उधर सीएमएचओ डॉ. जेपी मेश्राम ने लिखित शिकायत मिलने पर डॉ. जामगड़े को सभी पदों से हटाते हुए उनकी मूल पदस्थापना सुपेला में शहरी परिवार कल्याण केंद्र भेज दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार महिला कर्मियों के यौन उत्पीड़न की जांच के लिए बनी स्थानीय विशाखा समिति को मामले की जांच सौंप दी।



## सीएम के बेटे पर बरसे नंदकुमार साय



रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)।सनातन धर्म को लेकर बयानबाजियों का दौर जारी है, इसी बीच छत्तीसगढ़ के आदिवासी कांग्रेस नेता जो कि हालही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्होंने सनात विरोधियों को आइना दिखा दिया है। दरअसल, उन्होंने कहा है कि जिनसे भी यह बयान दिया उन्हें सनातन की समझ नहीं है। सनातन संपूर्ण मानव जाति का कल्याण सोचने वाला धर्म है। जाहिर है कि नंदकुमार साय ने इंडिया गठबंधन के दलों को आइना दिखा दिया है।

# सौरभ चंद्राकर ने अपनी शादी में उड़ाए 200 करोड़ रूपए

रायपुर,15 सितम्बर 2023(ए)। ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म महादेव बुक ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात में हुई थी. इसके लिए वहां एक आलीशान शादी समारोह का आयोजन किया गया था. जिसका वीडियो भारतीय एजेंसियों के हाथ लगा है. उस शादी समारोह में कई बॉलीवुड गायकों और अभिनेताओं को परफॉर्म करने के लिए बुलाया गया था और हवाला के ज़रिए 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान किया गया था. प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में मुंबई, भोपाल, कोलकाता के उन हवाला ऑपरेटरों के यहां छापे मारे, जिन्होंने इस इवेंट के लिए रकम मुंबई की इवेंट फर्म को भेजी थी. उस शादी के कार्यक्रम में गायिका नेहा कक्कड़, सुखविंदर सिंह, अभिनेता भारती सिंह और भाग्यश्री को परफॉर्म करने के लिए पैमेंट किया गया था. इसके अलावा बॉलीवुड से जुड़े शीर्ष नाम भी परफॉर्मेंस देने वालों की लिस्ट शामिल हैं. ईडी ने जांच में पाया कि महादेव बुक ऐप और सट्टेबाजी का यह मामला छत्तीसगढ़ के कुछ राजनेताओं, पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं के सहयोगियों से जुड़ा है. इस सट्टेबाजी एप का टर्नओवर करीब 20000 करोड़ रुपये है.



प्रवर्तन निदेशालय मेसर्स महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग एप की जांच कर रहा है, जो अवैध सट्टेबाजी कराने वाली वेबसाइटों के लिए नए यूजर्स का इंतजाम करता है. साथ ही ये एप सट्टेबाजों की यूजर्स आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों में वेब के जरिए पैसे की हेराफेरी करने में सक्षम ऑनलाइन प्लेटफार्मों की व्यवस्था करने वाला एक प्रमुख सिंडिकेट है. ईडी ने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि शहरों में महादेव एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी अभियान चलाया है और बड़ी पैमाने पर आपत्तिजनक सबूत हासिल किए हैं और 417 करोड़ रुपये की क्राइम इन्कम को फ्रीज और जब्त किया है. इस मामले की जांच के दौरान ईडी को पता चला है कि छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल महादेव ऑनलाइन बुक के मुख्य प्रमोटर हैं और दुबई से ऑपरेट करते हैं. उनकी कंपनी मेसर्स महादेव ऑनलाइन बुक संयुक्त अरब अमीरात में एक केंद्रीय प्रधान कार्यालय से चलती है और 70प्रतिशत - 30प्रतिशत लाभ अनुपात पर अपने ज्ञात सहयोगियों को पैनल/शाखाओ की फ्रेंचाइजी देकर संचालित होती है.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)